राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

दैनिक शुभ भास्कर हर कदम आपके साथ...

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर
विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
+9198523 15231
+91 9625958256

Epaper :https://dainikshubhbhaskar.com

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

https://shubhbhaskar.com

उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से एक साथ प्रसारित

• वर्ष : 1 • अंक : 292 • नई दिल्ली, 15 अक्टूबर 2024 • पृष्ठ: 8 • मूल्य : 04 रुपये, RNI.NO. UPHIN/2015/64737



### जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए

## हरित प्रौद्योगिकी के उपयोग में भारत का अनुभव उल्लेखनीय रहा हैः लोकसभा अध्यक्ष

**एजेंसी। नई दिल्ली**







जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 149वीं असेम्बली में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज " शांतिपूर्ण और सुरक्षित भविष्य के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोग" विषय पर सभा को संबोधित किया । बिरला ने वर्तमान समय की वैश्विक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से रखा । उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से बहुपक्षवाद का प्रबल समर्थक रहा है । बिरला ने कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में संसदों के बीच व्यापक संवाद और सहयोग मानव कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आईपीयू जैसे मंच के माध्यम से कहा कि देशों की संसद साझी कार्य योजनाओं और साझे प्रयासों के द्वारा सम्पूर्ण विश्व के लिए समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करने में सफल होंगी । उन्होंने तकनीकी प्रगति, वैज्ञानिक शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया ताकि इस प्रगति का लाभ सभी को समान रूप से मिल सके और इसका उपयोग जिम्मेदारी के साथ समावेशी और शांतिपूर्ण भविष्य के निर्माण के लिए किया जा सके । जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा के बारे में लोकसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई "वन सन वन वर्ल्ड वन ग्रिड " (ओएसओडब्ल्यूजी) की पहल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता 76 गीगावाट से बढ़कर 203 गीगावाट हो गई है। उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, बायो फ्यूल गठबंधन जैसी पहलों के बारे में भी बात की, जो जलवायु परिवर्तन की समस्या के समाधान के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। इस संबंध में संसद द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और सतत विकास लक्ष्यों के मुद्दों पर संसद में विस्तार से चर्चा की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि नए भवन के निर्माण में हरित प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया गया है, जो हरित ऊर्जा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बिरला ने गर्व के साथ कहा कि भारत में स्टार्ट-अप इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत नवाचार, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 355 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य वाले 118 यूनिकॉर्न के साथ, आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप राष्ट्र बन गया है । आमजन को सेवाएं प्रदान करने में भारत में प्रौद्योगिकी के अभूतपूर्व उपयोग के बारे में बात करते हुए । बिरला ने बताया कि कैसे जन धन, आधार और मोबाइल की जेएएम ट्रिनिटी के माध्यम से वित्तीय सेवाओं के डिजिटलीकरण और वित्तीय समावेशन के द्वारा 314 सार्वजनिक कल्याण योजनाओं के तहत 2 ट्रिलियन 495 बिलियन रुपये के वित्तीय लाभ डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों मे अंतरित किए गए हैं, जिससे शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। लोक सभा अध्यक्ष ने आग्रह किया कि ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर आईपीयू मंच के साथ-साथ राष्ट्रीय संसदों में भी चर्चा की जानी चाहिए। इस संबंध में, उन्होंने बताया कि भारत की संसद ने पिछले कुछ वर्षों में व्यापक चर्चा के बाद प्रौद्योगिकी, विज्ञान और पर्यावरण के क्षेत्र में डिजिटल निजी डाटा संरक्षण विधेयक, दूरसंचार विधेयक, ऊर्जा संरक्षण विधेयक और जैव विविधता विधेयक आदि जैसे कई विधेयक पारित किए हैं । उन्होंने यह भी बताया कि भारत की संसद में डिजिटल संसद एप्लिकेशन से न केवल संसद को पेपरलेस बनाया गया है, बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग से संसद की दक्षता को भी बढ़ाया गया है। इससे सभी सदस्यों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और सभी हितधारकों को एक एकीकृत मंच पर लाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कीवर्ड, मेटा डेटा और उन्नत खोज की एआई सुविधाओं की मदद से संसद से संबंधित डाटा को और अधिक उपयोगी बनाया जा रहा है। अंतर संसदीय संघ राष्ट्रीय संसदों का वैश्विक संगठन है।

## भारत ने पाकिस्तान को चीन से हथियार सहायता मिलने पर चिंता जताई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

### हिन्द महासागर में बढ़ती गतिविधियों के मद्देनजर चीनी नौसेना पर भी नजर





नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने पाकिस्तान को चीन से उपकरण और हथियार सहायता मिलने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और हमारे राष्ट्रीय समुद्री हितों से समझौता न होने पाए, इसके लिए हमने एक रणनीति बनाई है। पड़ोसी चीन की बढ़ती नौसेना के बारे में उन्होंने कहा कि यह संख्या बल के मामले में सबसे बड़ी नौसेना बन गई है। हिन्द महासागर में बढ़ती गतिविधियों के मद्देनजर हम चीनी नौसेना पर भी नजर रख रहे हैं। नौसेना प्रमुख एडमिरल त्रिपाठी ने सोमवार को चेन्नई से करीब 40 किलोमीटर दूर लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के कट्टुपल्ली शिपयार्ड में बहुउद्देशीय सपोर्ट शिप 'समर्थक' को लॉन्च किया। यह पहला ऐसा जहाज है, जिसे रक्षा और सुरक्षा की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह युद्ध और निगरानी में ड्रोन तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के लिए एक समाधान है। उन्होंने कहा कि आज हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि इन बहुउद्देशीय जहाजों से नौसेना के शस्त्रागार की क्षमता बढ़ेगी। ये जहाज लगभग 3,600 टन के हैं और इनका इस्तेमाल कई गतिविधियों के लिए किया जाएगा, जिसमें स्वदेशी हथियारों, सेंसर और उपकरणों का परीक्षण शामिल होगा। पाकिस्तान को चीन से उपकरण और हथियार सहायता मिलने के बारे में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि चिंता की बात से कहीं अधिक यह आश्चर्यजनक है कि जो लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय सहायता की भीख मांग रही है, वह अपने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए धन कैसे जुटा सकती है। हम पाकिस्तान की नौसेना में क्या हो रहा है, इस पर नजर रख रहे हैं। उन्हें विभिन्न स्रोतों से किस तरह के हथियार और प्लेटफॉर्म मिल रहे हैं और हमने यह सुनिश्चित करने के लिए एक रणनीति बनाई है कि क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और हमारे राष्ट्रीय समुद्री हितों से समझौता न हो। जहां तक चीन का सवाल है, तो यह संख्या के मामले में सबसे बड़ी नौसेना बन गई है। हम इस पर भी नजर रख रहे हैं। नौसेना प्रमुख ने कहा कि 1999 में सरकार ने 30 वर्षीय पनडुब्बी निर्माण योजना को मंजूरी दी थी और हम उसी के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले वर्षों में पी-75 परियोजना पूरी होने के बाद इस वर्ष छह पनडुब्बियां मिलने जा रही हैं। हम आगे बढ़ेंगे और जरूरत के लिहाज से 18 पनडुब्बियों की वांछित ताकत भी पूरी होगी। उन्होंने कहा कि इस समय भारतीय शिपयार्ड में 63 जहाज बनाए जा रहे हैं, जिनमें डीपीएसयू, पीएसयू और एलएंडटी जैसे निजी उद्योग भी शामिल हैं। भारतीय नौसेना 2047 तक पूरी तरह से 'आत्मनिर्भर' बल बन जाएगी। मुझे नहीं लगता कि सतह से लेकर उप-सतह तक कोई और प्लेटफ़ॉर्म विदेश से खरीदा जाएगा। वे सभी भारत में बनाए जाएंगे। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने 31 शिकारी ड्रोनों को मंजूरी दी है, जिनमें 15 नौसेना को मिलेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली की मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की



**नई दिल्ली**। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। दिल्ली की मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद आतिशी की यह प्रधानमंत्री से पहली मुलाकात थी। प्रधानमंत्री कार्यालय के हैंडल से एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, "दिल्ली की मुख्यमंत्री @आतिशी ने प्रधानमंत्री @नरेन्द्रमोदी से मुलाकात की। वहीं मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री कार्यालय के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मैं हमारी राजधानी के कल्याण और प्रगति के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच पूर्ण सहयोग की आशा करती हूं।

### मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहे एयर इंडिया के विमान को बम से उड़ाने की धमकी, फ्लाइट को दिल्ली में लैंड कराया गया





**नई दिल्ली**। मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहे एयर इंडिया के यात्री विमान को आज बम से उड़ाने की धमकी के बाद हड़कंप मच गया। इस विमान को दिल्ली भेजा गया। विमान को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई एयरपोर्ट) पर लैंड कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और जांच जारी है। यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। अधिकारियों ने सहयोग का आग्रह करते हुए कहा कि असत्यापित जानकारी फैलाने से बचें।

### जम्मू-कश्मीर से हटा राष्ट्रपति शासन, गृह मंत्रालय ने जारी किया आदेश

**नई दिल्ली**। जम्मू कश्मीर पर लगे राष्ट्रपति शासन को हटा लिया गया है। गृह मंत्रालय ने रविवार देर रात आदेश जारी कर इससे संबंधित 31 अक्टूबर, 2019 के अपने पहले के आदेश को रद्द कर दिया है। इस तरह अब जम्मू-कश्मीर में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया है। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा, "जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 के तहत केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के संबंध में 31 अक्टूबर, 2019 का आदेश मुख्यमंत्री की नियुक्ति से तुरंत पहले रद्द कर दिया जाएगा।" 13 अक्टूबर, 2024 के नवीनतम आदेश ने केंद्र के 5 साल पुराने आदेश को रद्द कर दिया। इस आदेश के क्रियान्वयन के साथ ही उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नई सरकार को आगामी सप्ताह में शपथ लेने की आधिकारिक मंजूरी मिल गई है। उल्लेखनीय है कि 05 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद 31 अक्टूबर 2019 को जम्मू और कश्मीर में केंद्रीय शासन लागू किया गया था।

### पप्पू यादव ने दी लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती

## 24 घंटे में इस दो टके का नेटवर्क खत्म कर दूंगा

**एजेंसी। पटना**

निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती दी है। पप्पू यादव ने कहा है अगर कानून अनुमति दे तो 24 घंटे में लॉरेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी के पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने एक्स पर लिखी अपनी पोस्ट में विवादित शब्दों का इस्तेमाल किया है। उन्होंने लिखा कि यह देश है या हिजड़ों की फौज। एक अपराधी जेल में बैठकर चुनौती दे रहा है, लोगों को मार रहा है, लेकिन सभी मूकदर्शक बने हुए हैं। पप्पू यादव ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई ने कभी मूसेवाला को मरवा दिया, कभी करणी सेना के मुखिया को मरवाया और अब एक उद्योगपति राजनेता को मरवा डाला। पप्पू यादव



ने लॉरेंस बिश्नोई को दो टके का अपराधी बताया है। उन्होंने इसी पोस्ट में गैंगस्टर को चुनौती देते हुए कहा कि अगर कानून इजाजत दे तो 24 घंटे में इस लॉरेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी को पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा। इससे पहले पप्पू यादव ने जो पोस्ट की थी, उसमें बाबा सिद्दीकी को बिहार का बेटा बताया था। दरअसल बाबा सिद्दीकी बिहार के ही रहने वाले थे और बाद में मुंबई जाकर अपनी राजनीति शुरू की थी।

## नेवी का नया बेस कंट्रोल तैयार, समुद्र के तल में होगी खास बातचीत

### परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बी आईएनएस अरिघात नौसेना में किया था शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत ने हाल ही में अपनी दूसरी परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बी आईएनएस अरिघात नौसेना में शामिल हो गई है। इसके साथ ही नौसेना अब लंबी दूरी की गश्त पर मौजूद अपने गुप्त शिकारियों के साथ सहज कम्युनिकेशन के लिए एक नई एडवांस फैसिलिटी स्थापित कर रही है। तेलंगाना के विकाराबाद में वेरी लो फ्रीक्वेंसी कम्युनिकेशन स्टेशन की परियोजना का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार यानी 15 अक्टूबर को करेंगे। मीडिया रिपोर्ट में बताया कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण वीएलएफ सुविधा, जब दो-तीन सालों में पूरी तरह से चालू हो जाएगी। इसके बाद यह भारत के संपूर्ण क्षेत्र में पानी के नीचे पनडुब्बियों को चौबीसों घंटे एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि वीएलएफ रेडियो तरंगें, जो 3 से 30 किलोहर्ट्ज़ की फ्रीक्वेंसी बैंड में काम करती हैं, ऐसे उद्देश्यों के लिए समुद्री जल में एक निश्चित गहराई तक प्रवेश कर सकती हैं। केवल कुछ ही देशों के पास ऐसी क्षमताएं मौजूद हैं, जो लंबी दूरी की निवारक गश्त पर तैनात परमाणु पनडुब्बियों के कमांड और नियंत्रण के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। भारत की योजना अगले साल की शुरुआत में आईएनएस अरिधमान के रूप में सात हजार टन विस्थापन के साथ तीसरे एसएसबीएन को शामिल करने की है। वही, सीक्रेट एडवांस टेक्नोलॉजी वेसल (एटीवी) परियोजना के तहत एक चौथा भी निर्माणाधीन है। रिपोर्ट के मुताबिक 13,500 टन के एसएसबीएन बनाने की भी योजना है। इसमें 190 मेगावाट के ज्यादा शक्तिशाली प्रेशराइज्ड लाइट-वाटर रिएक्टर होंगे। इसके अलावा, 9 अक्टूबर को पीएम के नेतृत्व वाली सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने दो परमाणु ऊर्जा चालित हमलावर पनडुब्बियों के निर्माण के लिए लंबे समय से लंबित 40 हजारा करोड़ रुपए की प्रोजेक्ट-77 को भी मंजूरी दे दी है। 190 मेगावाट के रिएक्टर और 9,800 टन के विस्थापन वाले इन एसएसएन को बनाने में 10-12 साल लगेंगे, जो पारंपरिक युद्ध के लिए हैं।

### नर्मदा और ताप्ती प्रदेश के साथ अन्य प्रदेश को भी संचित कर रही : मुख्यमंत्री यादव

**सूरत**। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि देश की प्रमुख नदियों का प्रदेश में मायका है। नर्मदा और ताप्ती अपने मायके अर्थात मध्यप्रदेश को आनंदित और प्रफुल्लित करती ही है, साथ ही वे गुजरात को भी धन-धान्य से परिपूर्ण कर रही है। सोन नदी का उद्गम अमरकंटक से है, जो बिहार में गंगा से मिलती हैं और गंगा की धारा को समृद्ध करती है। मध्यप्रदेश से निकलने वाली चंबल नदी राजस्थान को जीवन प्रदान करती है यह नदियां मध्यप्रदेश की जीवनदायिनी हैं। उन्होंने कहा कि जल संचय-जन भागीदारी कार्यक्रम के मकसद की प्राप्ति के लिए प्रदेश कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि पानी के लिए गुजरात में समस्या रहती है और उनकी सहायता करना हम सब का कर्तव्य है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्षा जल संचयन को बढ़ाने और दीर्घकालिक जल स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए जल संचय-जन भागीदारी-जन आंदोलन कार्यक्रम की पहल की थी।



### एससीओ की बैठक में शामिल होने पाकिस्तान जा रहे जयशंकर शरीफ के साथ रात का भोजन करेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



विदेश मंत्री जयशंकर 15-16 अक्टूबर को पाकिस्तान में होंगे। यह पिछले एक दशक में किसी भी भारतीय विदेश मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा होगी। हालांकि, भारत द्वारा उनकी पाकिस्तान यात्रा की पुष्टि करने के एक दिन बाद, जयशंकर ने कहा कि वह पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों पर चर्चा करने के लिए इस्लामाबाद नहीं जा रहे हैं, बल्कि एससीओ का अच्छा सदस्य बनने के लिए जा रहे हैं। एससीओ में रूस, चीन, ईरान और 4 मध्य एशियाई देशों के अलावा भारत और पाकिस्तान भी सदस्य हैं।जयशंकर के एससीओ के हेड ऑफ स्टेट की बैठक के लिए मंगलवार शाम को पाकिस्तान पहुंचने की उम्मीद है। विदेश मंत्री यहां पाकिस्तानी पीएम शाहबाज शरीफ की तरफ से आयोजित डिनर में शामिल होंगे। यह डिनर बैठक में हिस्सा लेने आए प्रतिनिधियों के लिए होगी। हालांकि, दोनों पक्षों ने एससीओ के आयोजन के दौरान किसी भी औपचारिक द्विपक्षीय बैठक से इनकार किया है। हालांकि, उम्मीद है कि मंत्री बुधवार को मुख्य शिखर सम्मेलन से पहले भारतीय विदेश मंत्री डिनर में शामिल होंगे।

## दाऊद के नक्शे कदम पर लॉरेंस बिश्नोई, एनआईए का दावा, 700 शूटरों का 11 राज्यों में है नेटवर्क

**एजेंसी। नई दिल्ली**



एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। हत्या के बाद एनआईए भी अपना काम कर रही है। एजेंसी का दावा है कि लॉरेंस विश्नोई, दाउद इब्राहिम के नक्शे कदम पर चल रहा है। उसने 11 राज्यों में 700 शूटरों का एक विशाल नेटवर्क खड़ा किया है। एनआईए ने कम से कम 16 गैंगस्टरों के खिलाफ यूएपीए के तहत चार्जशीट फाइल की है। इसमें लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बरार भी शामिल हैं। इस चार्जशीट में दावा किया गया है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग दाऊद इब्राहिम की डी कंपनी के रास्ते पर ही आगे बढ़ रहा है। चार्जशीट में बताया गया कि लॉरेंस बिश्नोई और उसका टेरर सिंडिकेट नायकीय अंदाज में बढ़ा है। यह उसी तरह आगे बढ़ रहा है जैसे कि 90 के दशक में दाऊद इब्राहिम का गैंग तेजी से फैल रहा था। दाऊद इब्राहिम ने अपना नेटवर्क ड्रग्स तस्करी से बढ़ाना शुरू किया था। इसके बाद उगाही का काम शुरू हो गया। बाद में इसे डी कंपनी नाम दे दिया गया। यह गैंग पाकिस्तान के आतंकियों के साथ भी जुड़ गया। इसी तरह बिश्नोई गैंग ने भी छोटे-मोटे अपराध शुरू किए थे लेकिन अब उसका बड़ा गैंग है।एनआईए की चार्जशीट में बताया गया कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग सतविंदर सिंह उर्फ गोल्डी बरार चलाता है जो कि कनाडा पुलिस और इंडियन एजेंसियों की लिस्ट में वॉन्टेड है। इसके अलावा बिश्नोई गैंग में 700 शूटर हैं जिनमें से 300 पंजाब के हैं। गोल्डी बरार और लॉरेंस बिश्नोई की तस्वीरें फेसबुक, इन्स्टाग्राम और यूट्यूब पर शेयर की जाती हैं। बिश्नोई को कोर्ट ले जाने की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करके युवाओं को गैंग में शामिल करने का प्रयास किया जाता है। 2021-21 के दौरान इस गैंग ने उगाही के जरिए करोड़ों रुपये इकट्ठा किए और इसे हवाला चैनल्स से विदेश भेज दिया। चार्जशीट में बताया गया के बिश्नोई गैंग ने हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान के अन्य आपराधिक गैंगों के साथ भी गठजोड़ कर रखा है।

## झारखंड में बड़ा घोटालाः मंत्री और आईएएस के करीबियों के यहां ईडी ने की छापेमारी

**एजेंसी। रांची**





झारखंड में पेयजल स्वच्छता विभाग में घोटाले को लेकर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां के मंत्री और आईएएस के करीबियों पर शिकंजा कसते हुए करीब 20 ठिकानों पर ईडी ने छापेमारे हैं। सभी ठिकाने आईएएस मनीष रंजन और मंत्री मिथलेश ठाकुर से जुड़े हैं। बरियातू स्थित आईएएस मनीष रंजन की बहन के घर पर भी ईडी की छापामारी हुई है। आईएएस मनीष रंजन के अलावा मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह, मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स के यहां छापामारी हुई है। जल जीवन मिशन में अनियमितता से मामला जुड़ा है। झारखंड में पेयजल स्वच्छता विभाग में घोटाले को लेकर ईडी ने 20 ठिकानों पर छापामारी की है। बरियातू स्थित आईएएस मनीष रंजन की बहन के घर को ईडी खंगालने में जुटी है। इसके अलावा मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स के घर पर छापामारी हुई है। पेयजल स्वच्छता विभाग में घोटाले को लेकर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय एजेंसी ने प्रदेश में 20 ठिकानों पर छापामारी की है। सभी ठिकाने आईएएस मनीष रंजन और मंत्री मिथलेश ठाकुर से जुड़े हैं।बरियातू स्थित आईएएस मनीष रंजन की बहन के घर पर भी ईडी की छापामारी हुई है।आईएएस मनीष रंजन के अलावा मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह, मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स के यहां छापामारी हुई है। जल जीवन मिशन में अनियमितता से मामला जुड़ा है। झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सोमवार को छापा मारा। सूत्रों के अनुसार, छापेमारी कुछ बिजनेसमैन, एक मिनिस्टर के क्लेरिकल स्टाफ और ब्यूरोक्रेट्स के ठिकानों पर हुई। बताया जा रहा है कि एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट की झारखंड में यह छापेमारी जल जीवन मिशन से जुड़े एक्सटॉर्शन रैकेट मामले में है।

### प्रयागराज महाकुंभ में एससी-एसटी समाज से 71 लोग महामंडलेश्वर बनेंगे

**नई दिल्ली**। अगले साल प्रयागराज महाकुंभ में एससी-एसटी समाज से 71 लोग महामंडलेश्वर बनेंगे। महामंडलेश्वर की उपाधि जूना अखाड़ा देगा। इन सभी संतों ने दो से तीन साल पहले अखाड़े में संन्यास लिया था। महामंडलेश्वर बनने के बाद इन्हें अखाड़े के मठ-मंदिरों की जिम्मेदारी दी जाएगी।इसके पीछे मुख्य वजह धर्मांतरण रोकना है। सबसे ज्यादा ईसाई मिशनरी एससी-एसटी का धर्मांतरण करा रहे हैं। वहीं, बौद्ध धर्म भी तेजी से इस समाज में पैठ बना रहा है। इसे देखते हुए जूना अखाड़ा के संत मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, केरल, महाराष्ट्र और गुजरात पर फोकस कर रहे हैं। यहां आदिवासी-अनुसूचित जाति की आबादी अच्छी-खासी है। फिलहाल, तीन संप्रदायों के अखाड़े हैं, जिनमें महामंडलेश्वर का पद होता है। ये तीनों संप्रदाय अलग-अलग हैं। इनमें शैव (शिव को मानने वाले), वैष्णव संप्रदाय (विष्णु और उनके अवतारों को मानने वाले) और उदासीन संप्रदाय शामिल हैं। इसमें शैव संप्रदाय के सात अखाड़े हैं। वैष्णव और उदासीन संप्रदाय के तीन-तीन अखाड़े हैं।

### सामाजिक संस्थाओं के महत्व को सामने लाने वाले पर तीन अमेरिकी शोधकर्ताओं को मिला नोबेल

**नई दिल्ली** । अर्थशास्त्र में इस बार का नोबेल पुरस्कार किसी देश की समृद्धि में सामाजिक संस्थाओं के महत्व को प्रदर्शित करने के लिए तीन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों- डारोन एसेमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स रॉबिन्सन को दिया गया है। इन शोधकर्ताओं ने यह समझने में मदद की कि कानून रूप से खराब शासन वाले समाज और जनसंख्या का शोषण करने वाली संस्थाएं विकास या बेहतरी के लिए परिवर्तन उत्पन्न क्यों नहीं करती हैं। इन वैज्ञानिकों ने यह स्थापित किया कि समावेशी संस्थानों से सभी का दीर्घकालिक लाभ होता है। आर्थिक विज्ञान में पुरस्कार समिति के अध्यक्ष जैकब स्वेन्सन कहते है कि देशों के बीच आय में व्यापक अंतर को कम करना हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। पुरस्कार विजेताओं ने इसे प्राप्त करने के लिए सामाजिक संस्थानों के महत्व का प्रदर्शन किया है। डारोन एसेमोग्लू 1967 में इस्तांबुल, तुर्किये में पैदा हुए। उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस से पीएचडी की और अब वे कैम्ब्रिज के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रोफेसर हैं।

## ख़ास ख़बर

### विसर्जन जूलूस मे ड्रोन कैमरा से निगरानी

**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद**। जिले के रफीगंज में विसर्जन जूलूस में असमाजिक तत्वों पर निगरानी के लिए विभिन्न जगहों पर सीसीटीवी एवं पूरा विसर्जन जुलूस मे ड्रोन कैमरा से निगरानी रखी गयी। बीते माह गणेश प्रतिमा जूलूस में असमाजिक तत्वो द्वारा अपशब्द विडियो वायरल किया किया गया था। नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि जूलूस के समय हादसा से बचाव के लिए बिजली का संचालन बंद कर दिया जाता है। अंधेरा को लेकर पूरे बाजार एवं नदी घाट पर जरनेटर लाईट लगायी गयी। हर जगहों पर पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल के साथ खुद निगरानी कर रहे थे।

### दो दिनों से लापता ईंट भट्ठा संचालक का शव खेत से बरामद

**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छपरा(बिहार)14 अक्टूबर 2024:-** एकमा थाना क्षेत्र के गलिमापुर से दो दिनों से लापता ईंट भट्ठा व्यवसायी का शव सोमवार को खेत से मिला। मृतक शख्स के शरीर पर गहरे जख्म के निशान थे। अनुमान लगाया जा रहा कि उनकी पीट-पीटकर हत्या की गई है। वहीं, व्यवसायी के पांव में भी साइलेंसर से जले के निशान हैं। जहां से उनका शव मिला वहां भी खून पसरा हुआ था। गांव की महिलाओं ने शव देखा जिसके बाद परिजनों को सूचित किया। फिर परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।बता दें कि मृतक काशीनाथ सिंह 12 अक्टूबर की शाम से लापता थे। उनको तलाशने के लिए सोशल मीडिया पर फ़ोटो पोस्ट की गई थी। हत्या के स्पष्ट कारणों का जानकारी नहीं मिली है, लेकिन परिजनों ने पुराने विवाद में हत्या होने की बात कही है।काशीनाथ सिंह के बेटे ने बताया कि हम लोगों का ईंट भट्ठा का व्यवसाय है। शनिवार की शाम में पिताजी वहीं जाने का बोलकर घर से निकले। देर रात तक वापस नहीं आए। घर वालों को लगा कि चिमनी पर ही सो गए होंगे। सुबह में चिमनी पर पता किए जाने के बाद कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद खोजबीन शुरू की गई।सुबह खेत में काम करने वाली महिलाओं ने शव को देखा।

**मौसमी बीमारियों की समीक्षा बैठक**

### पोजिटिव केसेज की सूचना मिलते ही उस क्षेत्र में तुरंत गतिविधियां बढ़ाई जाए - डॉ बामनिया



**सुनील कुमार मिश्रा दैनिक शुभ भास्कर राजस्थान उदयपुर**। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया जिले में मौसमी बीमारियों के पोजिटिव केसेज आते ही स्वास्थ्य टीम को तुरंत उसके घर पर पायरेथ्रम और उसके आसपास के 50 घरों में सर्वे कर सोर्स रिडक्शन और एंटी लार्वा एक्टिविटी करवाई जाये। डिप्टी सीएमएचओ डॉ अंकित जैन ने बताया कि आज शहर में 180 से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों और डीबीसी द्वारा द्वारा टीम वर्क किया गया। सभी नोडल अधिकारीयों द्वारा अपने आवंटित क्षेत्र में क्रास वेरिफिकेशन कर रिपोर्ट सीएमएचओ सर को देंगे। डिप्टी सीएमएचओ और यूपीएम द्वारा कृषि मंडी क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। डीपीसी डीडीडब्ल्यू डॉ मोहन सिंह धाकड़ द्वारा पुलिस लाइन क्षेत्र का, डॉ बालमुकुंद द्वारा मादड़ी क्षेत्र का, डॉ प्रणव भावसार ने धानमंडी, डॉ सत्यनारायण वैष्णव द्वारा माछला मगरा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी पोजिटिव केसेज से सम्पर्क कर उनके घरों में सर्वे कार्य देख रहे हैं। लोगों को जागरूक करने हेतु आईईसी द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। आईडीएसपी की टीम द्वारा सभी गतिविधियों की भौतिक सत्यापन सहित रिपोर्ट कार्यालय को दीं जा रही है।

# गाजे-बाजे के साथ विसर्जन जुलूस निकला







**धावा नदी में सभी प्रतिमा का विसर्जन की गयी**


**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद**। जिले के रफीगंज के बडी दूर्गा देवि स्थान, काली स्थान, लोहार पटी देवि स्थान, चरकावां शिशू संघ ,हाजीपुर गोला , स्टेशन परिसर, बाबूगंज देवि स्थान, महराजगंज, संगत , नुनिया टिल्हा एवं ग्रामीण क्षेत्र के पौथू ,भदवा,में मां दूर्गा एवं काली प्रतिमा का विसर्जन जूलूस गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी। जूलूस बडी दूर्गा देवि स्थान, से काली स्थान, मेन बाजार, स्टेशन रोड से वापस बस स्टैंड होते हुये धावा नदी में विसर्जन की गयी। काफी संख्या में महिला श्रद्धालू ने उत्साहित होकर माता का जयकारी लगाते लगाते हुये भजन एवं विदाई गीत गायी। मेन बाजार, किराना पटी के कई जगहों पर रास्ते को रंगोलियां एवं फूल -माला से सजाया गया। और सभी प्रतिमा का आरती किया। विसर्जन जूलूस के दौरान अनुमंडलाधिकारी संतन कुमार सिंह, डीएसपी अमीत कुमार,बीडीओ उपेंद्र दास,अंचलाधिकारी भारतेन्दू सिह ,नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी सहाब यहया,इंस्पेक्टर मधू कुमारी ,रफीगंज थानाध्यक्ष गुफरान अली, पौथू थानाध्यक्ष आकाश राज पुलिस बल के साथ मुस्तैद थे। इस मौके पर गिरिजा प्रसाद, प्रदीप उर्फ बाबू प्रसाद, शंकर शौंडिक, दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, पवन गूप्ता, रितेश खत्री, अशोक प्रसाद, शिवनाथ प्रसाद, बिनय कुमार, संजय योगी, शंभू खत्री,राजू गूप्ता, सूरज, मयंक, रंजीत मिश्र, अनूप मिश्र, आलोक मिश्र, राजू मिश्र, सुभाष यादव, भाजपा नेता सुबोध सिंह सुभाष यादव, अरविन्द राज, संतोष साव, रणविजय यादव, पपू गुप्ता, सुनील वर्मा, वाड पार्षद नूरूल होदा खान, राजू मिश्र, नेयाज असरफी, संजीत कुमार, राकेश कुमार, मनोज कुमार मधुकर, त्रिकाल कुमार, अभिषेक विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद रविंद्र प्रसाद,पूर्व उप चेयरमैन हरेंद्र कुमार,लोहा सिह ,एस आई परमजीत मंडल, कुशो कुमार, ध्रुव कुमार, वर्षा कुमारी, मिथलेश कुमार, मुकेश कुमार, बवन कुमार, बेगेन्दर मिश्र सहित अन्य लोग शामिल थे।

### पैसेंजर ट्रेन से भारी मात्रा में शराब के साथ तीन शराब तस्कर गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छपरा(बिहार)14 अक्टूबर 2024:-** बिहार में शराबबंदी होने के बावजूद भी दूसरे राज्यों से लगातार शराब की खेप बिहार में आ रही है और शराब तस्कर इसके बगल के राज्यों उत्तर प्रदेश, बंगाल और अन्य राज्यों से बिहार में बड़ी मात्रा में शराब लाकर खपा रहे हैं।इसी कड़ी मे सोमवार को छपरा कचहरी रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के जवान जब स्टेशन चेकिंग कर रहे थे, उस दौरान मऊ से चलकर छपरा कचहरी आने वाली पैसेंजर ट्रेन संख्या 05114 के प्लेटफार्म संख्या दो पर आई। उस दौरान आरपीएफ के जवान संतोष कुमार पांडे, संतोष कुमार, जीआरपी के थाना अध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने गाड़ियों की चेकिंग शुरू की तो आगे से तीसरी बोगी में तीन युवक संदिग्ध अवस्था में भागते हुए नजर आए। आरपीएफ के जवानों ने इन अपराधियों को दौड़कर पकड़ा और उसकी निशानदेही पर बड़ी मात्रा में शराब की खेप बोगी से बरामद की गई। बरामद शराब की कीमत लगभग 50 हजार बताई गई है।शराब के साथ पकड़े गए तीनों शराब तस्करों की पहचान विकास कुमार, अनूप कुमार और विवेक कुमार की रूप में की गई है,जो साढ़ा,मांझी और नगरा के रहने वाले हैं।

### एस.जे.ए.एस ब्लड सेंटर के शुभारंभ के दिन पर ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के सदस्यों ने किया रक्तदान





**दैनिक शुभ भास्कर**
**शीतल दत्ता,वरीय संवाददाता**
**धनबाद ( झारखंड), 14 अक्टूबर 2024:** धनबाद के पांडरपला भूली बायपास नियर विनोद चौक के समीप एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एस.जे.ए.एस ब्लड सेंटर का शुभारंभ हुआ। जहाँ ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल एवं केंद्रीय सदस्य अमित रवानी के नेतृत्व में ह्यूमैनिटी टीम के सक्रिय सदस्य शिबू मंडल और करण रवानी ने ब्लड बैंक का आज पहला दिन पर रक्तदान-महादान किया। मौके पर रक्तदान करने वाले सदस्य को अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, ललिता चौहान, सुदीप पांडेय, गौतम कुमार मंडल के द्वारा सम्मानित किया गया 1

# नगर परिषद अररिया में "बजट सत्र" का सफल आयोजन

**वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 258 करोड़ रुपए का बजट पार्षदों ने ध्वनि मतों से किया पारित**





**दैनिक शुभ भास्कर,अररिया/ डा. रूद्र किंकर वर्मा**। नगर परिषद अररिया के सम्राट अशोक भवन में आयोजित "बजट सत्र" ने शहर के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्य पार्षद विजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता में, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 258 करोड़ रुपए का बजट पारित किया गया। यह बजट शहर की बुनियादी सुविधाओं, विकास परियोजनाओं, और सामाजिक कल्याण के लिए समर्पित है।


**बजट का महत्वः** यह बजट अररिया की आर्थिक स्थिति और विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

**सदस्यों की सहभागिताः** बजट सत्र में उप मुख्य पार्षद गौतम साह, कार्यपालक पदाधिकारी चंद्र राज प्रकाश, और सभी वार्डों के पार्षदगण उपस्थित रहे। उनका सक्रिय सहयोग और समर्थन इस बात का संकेत है कि नगर परिषद के सभी सदस्य शहर के विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं। सदस्यों ने बजट पर चर्चा करते हुए विभिन्न सुझाव दिए और उसकी प्रभावशीलता पर जोर दिया।

**पारित बजट की प्रक्रियाः** बजट पारित करने की प्रक्रिया में सभी सदस्यों ने अपने विचार रखे और आवश्यक सुधारों का सुझाव दिया। ध्वनिमत से बजट का समर्थन करते हुए सभी ने शहर के विकास में सामूहिक प्रयास की आवश्यकता को रेखांकित किया। यह एकता दर्शाती है कि सभी सदस्य एक ही लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं—अररिया का समग्र विकास।

**निष्कर्षः** नगर परिषद अररिया का यह बजट सत्र न केवल शहर के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह नागरिकों की भागीदारी और सहयोग को भी प्रोत्साहित करता है। इस बजट के माध्यम से नगर परिषद ने यह स्पष्ट किया है कि वे शहर के विकास में गंभीर हैं। यदि यह बजट सही तरीके से लागू किया जाता है, तो आने वाले वर्षों में अररिया में बुनियादी सुविधाओं में सुधार, आर्थिक विकास, और सामाजिक कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति देखने को मिलेगी।

# जयप्रकाश विश्वविद्यालय बीएड अंतिम वर्ष की परीक्षा आज से शुरू



**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छपरा(बिहार)14 अक्टूबर 2024:-**
जयप्रकाश यूनिवर्सिटी के बीएड सत्र 2022-24 की परीक्षा का आयोजन आज से विश्वविद्यालय के एग्जाम सेंटर में आयोजित होगा। इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। एग्जाम सेंटर पर सभी छात्रों को एक घंटा पूर्व में रिपोर्टिंग करनी होगी। जेपी यूनिवर्सिटी के क्षेत्रान्तर्गत छपरा सिवान और गोपालगंज के सभी बीएड कॉलेज का सेंटर यूनिवर्सिटी बिल्डिंग के परीक्षा भवन में ही आयोजित होना है। फाइनल परीक्षा एक पाली में आयोजित किया जाना है,परीक्षा सुबह 11 बजे से दो बजे तक आयोजित होगा। परीक्षा नियंत्रक अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि 15 से 19 अक्टूबर तक मुख्य विषयों की परीक्षा आयोजित की जायेगी। इसके बाद 23 से 24 अक्टूबर तक कॉलेजों में प्रैक्टिकल व इपीसी-फोर की परीक्षा ली जायेगी। शांतिपूर्ण तथा कदाचार मुक्त माहौल में परीक्षा संपन्न कराने को लेकर गाइडलाइन भी जारी किया गया है। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले पहुंचना होगा।

# दूर्गा कमिटी के सदस्यो ने लोजपा नेता को सम्मानित किया







*मां दूर्गा का आरती करते नन्हे बच्चे*

**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद**। जिले के रफीगंज के बडी देवी दूर्गा देवी स्थान पूजा कमिटी के सदस्यों ने विसर्जन जूलूस के दौरान लोजपा नेता प्रकाश चन्द्रा,डी एस पी अमित कुमार, अंचलाधिकारी भारतेन्दु सिंह सहित कई समाजसेवियों को सम्मानित किया। प्रकाश चन्द्रा ने कहा कि सभी के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से दशहरा संपन्न हुयी। इसी तरह आपसी भाईचारा और एकता बनाये रखे। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, चिन्टू मिश्र, गिरिजा प्रसाद, प्रदीप उर्फ बाबू प्रसाद, शंकर शौंडिक, दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, पवन गूप्ता, रितेश खत्री, अशोक प्रसाद, शिवनाथ प्रसाद, बिनय कुमार, संजय योगी, शंभू खत्री,राजू गूप्ता, सूरज, मयंक, रंजीत मिश्र, सहित अन्य लोग शामिल थे।

# बुध्दिजीवी जन कल्याण मंच की ओर से स्वागत सह विदाई समारोह का हुआ आयोजन





**दैनिक शुभ भास्कर**
**शीतल दत्ता, वरीय संवाददाता**
**धनबाद**
**(झारखंड), 14 अक्टूबर 2024: सिन्दरीः-** आज बुध्दिजीवी जन कल्याण मंच की ओर से पूर्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आदरणीय भूपेन्द्र प्रसाद राउत जी को अंग वस्त्र और गुलदस्ता भेट कर स्नेहपूर्ण विदाई और वर्तमान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आदरणीय अशुतोष सत्यम जी को गुलदस्ता और मेमोरेंडम देकर सिन्दरी की पावन धरती पर स्वागत किया गया।

**मेमोरेंडम मे सत्यम सर जी को सिन्दरी की समस्याओ से अवगत कराया गया जो निम्न हैः**

1 पेट्रोलिंग पार्टी के सक्रियता को वढाने का सलाह दिया गया जिससे आनेवाले त्योहार को शान्तिपूर्ण समापान किया जाय।

2 दो पहिया की चोरी पर अंकुश नितांत आवश्यक है।

3 महिना मे एक वार तनाव से मुक्ति के लिए सामाजिक सद्भाव वनाये रखने के लिए एक बैठक जरूरी है।

4 युवा शक्ति तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल चलाने पर अंकुश जरूरी है।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सर जी ने उपरोक्त बिन्दुओ पर संज्ञान लेने का आश्वासन दिये।

**इस कार्यक्रम को सफल आयोजन के लिए निम्नलिखित बुध्दिजीवी भाईयो ने अपना बहुमूल्य समय दिये:-**
प्रो डा बी एन राय, सुरेश प्रसाद, मदन प्रसाद, प्रो नरेश कुमार सिंह, अमित कुमार, विनोद राम, रामप्रसाद जी, सूर्यदेव सिंह, बुधन राम, विरेन्द्र राम, त्रिभूवन सर जी नरसिंह राम, गोपाल रजक के साथ अन्य साथियो ने योगदान दिए।

## नायडू की पार्टी पर कोई फर्क नहीं

ऐसा लगता है कि उन पार्टियों को भी, जो कभी संवैधानिक भावना के अनुरूप धर्मनिपरपेक्षता की बात करती थीं, हिंदुत्व की गंगा में तैरना अब अधिक फायदेमंद लगता है। चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार भी इस गंगा में कूद पड़े हैं। यह तथ्य पहले ही सामने आ गया था कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बिना पर्याप्त सबूत के, संभवतः जानबूझ कर, तिरुपति लड्डू विवाद उछाला। जिन प्रयोगशालाओं में लड्डू में इस्तेमाल हुए घी की जांच की गई थी, वहां के विशेषज्ञों ने कुछ सैंपलों में मिलावट का शक जरूर जताया था। मगर उन्होंने यह नहीं कहा था कि उसमें पशु चरबी की मिलावट है। यह पूरी कहानी चंद्रबाबू नायडू ने सियासी फायदे के लिए बनाई। चूंकि पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी ईसाई धर्मावलंबी हैं, इसलिए चंद्रबाबू को लगा होगा कि यह मामला उठा कर रेड्डी के राजनीतिक करियर को स्थायी रूप से खत्म किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां इस सच्चाई की पुष्टि हैं। कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को सलाह दी है कि वे कम-से-कम ईश्वर को सियासत से दूर रखें। मौजूदा हकीकत के बीच इस संवैधानिक भावना का अनुपालन अति-आशावादी नजर आता है। यह दौर राजनीतिक मकसदों के लिए धर्म का बढ़-चढ़ कर दुरुपयोग करने का है। दरअसल, ऐसा करने की क्षमता सियासी कामयाबी का पैमाना बन गई है। सुप्रीम कोर्ट ने ये तथ्य दोहराया कि अब तक तिरुपति लड्डुओं में पशु चरबी की मिलावट का कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। लेकिन कोर्ट की इस टिप्पणी से चंद्रबाबू नायडू की पार्टी पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। जैसेकि इस बारे में विशेषज्ञों की मीडिया में आई प्रतिक्रिया का उस पर कोई असर नहीं हुआ। वह अपने पास मौजूद कथित सबूत पर टिकी हुई है। ऐसा लगता है कि उन पार्टियों को भी, जो कभी संवैधानिक भावना के अनुरूप धर्मनिपरपेक्षता की बात करती थीं, हिंदुत्व की गंगा में तैरना अब अधिक फायदेमंद लगता है। अभी हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में अयोध्या स्थित मंदिर बनवाने में उनकी भूमिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही सीतामढ़ी जिले में सीता के जन्मस्थल (जैसीकि मान्यता है) पर भव्य मंदिर बनवाने का इरादा जताया। विडंबना है कि जून में चुनाव नतीजा आने के बाद बहुत से लोगों ने चंद्रबाबू और नीतीश कुमार से ही नरेंद्र मोदी के एजेंडे पर लगाम लगाने की आस जोड़ी थी!

## मतदाता धर्म आधारित तो बिल्कुल भी नही

देश के दो प्रधान धर्मों हिन्दू व मुस्लिम के बाहुलय मतदाताओं वाले राज्यों की विधानसभा चुनावों के परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इन राज्यों के मतदाता धर्म आधारित तो बिल्कुल भी नही है। जम्मू-कश्मीर में जहां भाजपा को नेशनल कांफ्रेस से करीब आधी सीटें मिली, वहीं हिन्दू मतदाताओं के बाहुल्य वाले हरियाणा में कांग्रेस का काफी अवमूल्यन हुआ है, वैसे इस राज्य में कांग्रेस की जड़े गहरी है, किंतु इस बार मतदाताओं की सोच में समयानुसार परिवर्तन आया है, जिसका परिणाम यहां भाजपा का परचम लहराना है। यद्यपि राजनीतिक पण्डितों की जम्मू-कश्मीर को लेकर यह सोच या आशंका अवश्य है कि वहां से नेशनल कांफ्रेस का जीतना भारत के लिए खतरनाक इसलिए है, क्योंकि नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूख अब्दुल्ला व उनके बेटे उमर अब्दुल्ला की निजी सोच पाकिस्तान के काफी निकट है, वे समय-समय पर पाकिस्तान की पैरवी करते रहते है, इसलिए यह भारत की एकता के लिए खतरनाक हो सकता है, किंतु चूंकि जम्मू हिन्दू प्रधान और कश्मीर मुस्लिम प्रधान क्षेत्र है, इसलिए जम्मू और कश्मीर के राजनेताओं और मतदाताओं की सोच अलग हो सकती है, किंतु इस मसले को भारत सरकार को समय रहते गंभीरता से लेना चाहिए, वर्ना धरती का स्वर्ग हमारे हाथों से खिसक सकता है, इसी विभाजनकारी खोज के कारण भाजपा का कश्मीर में कोई अस्तित्व नही रह गया है, जबकि जम्मू में भाजपा का स्थान काफी अहम् है, इसलिए यदि यह कहा जाए कि जम्मू-कश्मीर की राजनीति धर्म आधारित है तो वह कतई गलत नही होगा। फिर इस राजनीतिक बिन्दु पर हमने अभी से गंभीर रूप से ध्यान नही दिया तो फिर हम पाक अधीकृत कश्मीर को हमारे पाले में लाने के बारे में भी सोच नही कर पाएगें। ?इस तरह कुल मिलाकर हमारे मस्तक पर विराजित इन दोनों महत्वपूर्ण क्षेत्रों जम्मू एवं कश्मीर के भविष्य पर गंभीर चिंतन जरूरी है और इस चिंतन की शुरूआत इन विधानसभा चुनाव परिणामों के साथ ही शुरू करना चाहिए। ?करीब एक दशक के बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए है और जनता ने भाजपा-कांग्रेस दोनों को ही सीधे-सीधे नकारते हुए नेशनल कांफ्रेस के हाथों में राज्य की बागडोर सौंप दी है और लगे हाथ फारूख अब्दुल्ला ने अपने बेटे उमर अब्दुल्ला का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए घोषित भी कर दिया।

# लद्दाख आंदोलन की अनदेखी न हो

कुलभूषण उपमन्यु

सोनम वांगचुक के नेतृत्व में एक महीने से ज्यादा समय से लद्दाख से अपनी मांगों को लेकर पदयात्रा करते हुए 100 से अधिक लोग दिल्ली पहुंचे। कठिन जलवायु में इतनी लंबी यात्रा करके 80 वर्ष के बूढ़े साथियों समेत ये दल दिल्ली पहुंचा। दिल्ली पुलिस का इनके साथ व्यवहार कुछ अच्छा नहीं रहा। यह लोग शांति पूर्ण ढंग से अपनी बात सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं। दिल्ली पुलिस इन्हें शक की नजर से देख रही है। अभी तक सरकार से आंदोलनकारियों को बातचीत के लिए कोई संदेश नहीं मिला। हरियाणा और जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव के चलते सरकार की अति व्यस्तता तो समझ में आती है किंतु अब कोई बाधा नहीं दिखती, इसलिए यह आशा की जानी चाहिए कि सरकार अति शीघ्र वार्ता करके सोनम वांगचुक का आमरण अनशन समाप्त कराएगी। इससे समस्या का सर्व समावेशी हल तलाश करने की दिशा में मार्ग प्रशस्त होगा। सोनम वांगचुक पिछली सर्दियों में भी लद्दाख की कुछ मांगों को लेकर लंबा अनशन कर चुके हैं। उनकी कुछ मांगें केवल लद्दाख केन्द्रित हैं और कुछ पूरे हिमालय के संवेदनशील पर्यावरण को बचाने से संबंधित हैं। लद्दाख को सी श्रेणी राज्य का दर्जा दे कर विधानसभा और उपराज्यपाल की व्यवस्था की जा सकती है। जाहिर है कि स्थानीय समस्याओं को जितना चुने हुए प्रतिनिधि समझ सकते हैं, उतना प्रशासनिक तंत्र नहीं समझ सकता, जिससे लोगों में असंतोष बना रह सकता है। इस सीमांत क्षेत्र में देश किसी असंतोष को सहन करने की स्थिति में नहीं है। दूसरी मांग छठी अनुसूची में डालने की है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244 के अनुसार छठी अनुसूची लागू की गई। छठी अनुसूची को स्वायत्त जिला परिषदों की स्थापना और संचालन करके स्वदेशी आदिवासी समूहों की रक्षा के लिए बनाया गया था। असम, मिजोरम, और मेघालय में तीन-तीन स्वायत्त जिला परिषद हैं, त्रिपुरा में केवल एक है। स्वायत्त जिला परिषदों को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों के लिए कानून बनाने का अधिकार है, जिसमें भूमि, खेती, विरासत, वन, और रीति- रिवाजों सहित आदिवासी और स्वदेशी समूहों से संबंधित हर पहलू को शामिल किया गया है। उन्हें भूमि और अन्य कर एकत्रित करने का भी अधिकार है। इससे छठे अनुसूची क्षेत्रों को बाहरी दबावों से बचाव की प्रभावी शक्तियां मिल जाती हैं, जिनका उपयोग स्थानीय संवेदनशील पर्यावरण और परंपराओं को संरक्षित करने में किया जा सकता है। पर्वतीय लोग आर्थिक रूप से उतने सशक्त नहीं होते क्योंकि वहां संसाधनों की कमी रहती है, यदि कुछ संरक्षण न दिया जाए तो पैसे वाले लोग वहां के संसाधनों को खरीद कर स्थानीय लोगों को हाशिए पर ला सकते हैं। यह डर सभी पर्वतीय राज्यों में कमोबेश रहा है। आदिवासी लोगों में यह और भी ज्यादा है। इस




मुद्दे पर चर्चा करके रास्ता निकला जा सकता है, लेकिन उनकी चिंता निराधार नहीं ठहराई जा सकती। सुना गया है कि लद्दाख के लोगों से छठे अनुसूची में लाने का वादा वर्तमान सरकार द्वारा किया गया था। तब तो इस समस्या को हल करने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए। फिर भी सरकार हिचकिचा क्यों रही है समझ से परे है। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों के बारे में उनकी मांगें हिमालयी प्रदेशों के लिए महत्व रखती हैं। इसी कारण अन्य हिमालयी राज्यों में भी सोनम वांगचुक के संघर्ष के प्रति समर्थन का भाव है। पर्यावरण मित्र विकास और बृहदाकार निर्माण आधारित विकास में टकराव पूरे हिमालय में ही देखने को मिल रहा है। बृहदाकार निर्माण आधारित विकास संवेदनशील हिमालयी परिस्थिति तंत्र को तोड़फोड़ कर आगे बढ़ता है जिससे एक ओर पर्वतीय क्षेत्रों में मानव निर्मित आपदाओं में बढ़ोतरी हो रही है तो दूसरी ओर लोगों को पर्याप्त रोजगार भी नहीं मिल रहा। आपदाग्रस्त और विस्थापितों का पुनर्वास भी बड़ी समस्या बना हुआ है। भाखड़ा और पोंग बांधों के विस्थापित अभी तक भी पूरी तरह से बस नहीं पाए हैं। इसलिए हिमालय में विकास के लिए वैकल्पिक मॉडल की खोज नवाचार के माध्यम से करनी होगी। कम से कम इतना तो मान कर ही चलना होगा कि हिमालय के लिए स्माल इज ब्यूटीफुल पर्वतीय राज्यों पर जलविद्युत उत्पादन का बड़ा दबाव है। इसमें कुछ नदियां तो लुप्तप्रायः ही हो गई हैं। ये झील में हैं या सुरंग में हैं। नदी तंत्र की रक्षा के लिए नदी दोहन की कोई सीमा निर्धारित करनी होगी। मान लो 60 फीसद से ज्यादा नदी का दोहन नहीं करेंगे, तो नदी भी जिंदा रहेगी और बिजली भी बन जाएगी। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने नदी तंत्र पर जलविद्युत उत्पादन संबंधी मुद्दों पर रिपोर्ट देने के लिए अवय शुक्ल कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में 7000 फुट से ऊपर जल विद्युत् परियोजनाएं न लगाने की संस्तुति की। किंतु इस तरह के किसी भी संयम को मानने में वर्तमान व्यवस्थाएं असफल रही हैं। देखा जाए तो इस आधार पर हिमाचल प्रदेश में जल विद्युत् उत्पादन की संतृप्ति सीमा आ चुकी है, किंतु जल विद्युत् क्षमता का आकलन बढ़ता ही जा रहा है। बड़े-बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के बजाय यदि हर गांव में एक मेगावाट सौर ऊर्जा रूफ टॉप और अनुपजाऊ भूमि पर बना ली जाए तो भारत वर्ष में 6 लाख मेगावाट बिजली बनाई जा सकती है।

आसान ऋण व्यवस्था और हरित ऊर्जा सब्सिडी से इसे संभव और लोकप्रिय बनाया जा सकता है। इससे पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका के अवसर भी पैदा होंगे और बृहद आकार निर्माण आधारित तोड़फोड़ से भी बचा जा सकेगा। अर्थात वैकल्पिक तकनीकें उपलब्ध भी हैं, नवाचार से खोजी भी जा सकती हैं। केवल राजनीतिक इच्छा शक्ति से दृढ़ता पूर्वक निर्णय लागू करने जरूरत है। आशा की जानी चाहिए कि लद्दाख आंदोलन को हल करने के लिए इस दिशा में सोचा जाएगा। आंदोलन अपने आप में गैरराजनैतिक है, किंतु ऐसी स्थितियों में राजनीतिक दलों को भी मुद्दा उड़ाने की कोशिशों से रोका नहीं जा सकता। फिर भी यदि वर्तमान भाजपा सरकार यदि मुद्दे को सुलझा लेती है तो उसे इसका राजनीतिक लाभ मिल ही जाएगा।

# कांग्रेस से तुम हो तुम से कांग्रेस नहीं

शकील अख़्तर

कांग्रेस ने नहीं समझा, दूर नहीं किया तो आगे भी उसे बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस के मठाधीशों की यह कहानी लंबी है। लेकिन इसका तोड़ बहुत छोटा है। हाईकमान की सख्ती। क्षत्रपों को हमेशा बताते रहना कि कांग्रेस से तुम हो। तुम से कांग्रेस नहीं। कितने उदाहरण हैं। मध्यप्रदेश में तो कमलनाथ पागल ही हो गए थे। खुद को भावी मुख्यमंत्री लिखवाने लगे थे। बुरी तरह हरवाया मध्य प्रदेश। फिर बेटे को लेकर बीजेपी में जा रहे थे। लेकिन कांग्रेस अभी भी उन पर कोई एक्शन लेने की हिम्मत नहीं कर रही। हरियाणा में क्या हुआ? हरियाणा में क्या हुआ? कोई नहीं समझ पा रहा। कांग्रेस ईवीएम को दोष दे रही है। हो सकता है। ईवीएम हमेशा शक के दायरे में रही। और कांग्रेस ही नहीं खुद भाजपा ने इस पर कई बार ऊंगलियां उठाईं। भाजपा नेता जीवीएल नरसिम्हा राव ने ' डेमोक्रेसी एट रिस्क! कैन वी ट्रस्ट अवर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन? ' पूरी किताब लिख दी थी। भाजपा नेता लालकृष्ण आडवानी ने इसकी भूमिका लिखी थी। किताब में ईवीएम को पूरी तरह बेईमानी का जरिया बताया गया था। आडवानी और दूसरे भाजपा नेताओं ने पूरे देश में घूम घूम कर ईवीएम का विरोध किया था। यह 2009 के लोकसभा चुनाव के भाजपा की हार के बाद की बात है। कांग्रेस ने 2018 में इसके खिलाफ अपने राष्ट्रीय अधिवेशन ( प्लेनरी ) में प्रस्ताव पारित किया। अभी लोकसभा चुनाव के पहले भी सवाल उठाए। मगर इसे एक सबसे बड़ा मुद्दा बनाने का ज्यादा प्रयास कभी नहीं किया। मुद्दा उठाया। छोड़ दिया। अब हरियाणा की अविश्वसनीय हार के बाद फिर सवाल उठाया है। सही है। उठाना चाहिए। लेकिन कुछ सवाल खुद से भी करना चाहिए। एक, हरियाणा एक ऐसा राज्य था जहां कांग्रेसी बहुत दबंग थे। दस साल के भाजपा शासन में भी उनके कोई काम रुकते नहीं थे। कोई गिरफ्तार नहीं हुआ। किसी के यहां ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई के बड़े छापे कभी नहीं पड़े। जैसे उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश में कांग्रेस के कार्यकर्ता परेशान रहे वैसे हरियाणा में नहीं हुए। तो ऐसे राज्य में अफसर ईवीएम मशीनों से छेड़छाड़ की कितनी हिम्मत कर सकते हैं? और उस स्थिति में जहां खुद बीजेपी को जीत का यकीन नहीं हो। कांग्रेस जोश में बीजेपी पस्त फिर अफसरों की हिम्मत कैसे पड़ी? यह हम पहले भी लिख चुके हैं कि करने वाला तो आदमी होता है। और अगर उसे डर हो कि यह सब चीज नोटिस की जा रही है और कल गड़बड़ करने वाले को छोड़ा नहीं जाएगा तो वह गलत काम करने से डरेगा। हरियाणा में यह कैसे हुआ इसे कांग्रेस को अपनी भी एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर समझाना पड़ेगा। चुनाव आयोग में तो जाएं। मगर खुद भी वन्स एंड फारएवर इस मुद्दे को हल करना होगा। जब 2018 में दिल्ली के कांग्रेस अधिवेशन में यह प्रस्ताव पारित किया गया था। ईवीएम के खिलाफ तब राहुल गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष थे। हमने तब भी लिखा। 2019 कांग्रेस के लोकसभा हारने के बाद भी लिखा कि एक उच्चस्तरीय कमेटी जिसमें तकनीकी विशेषज्ञ हों, चुनाव आयोग के पूर्व आयुक्त हों, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज हों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हों इन सबको लेकर बनाना चाहिए। कांग्रेस की अभी इतनी खराब स्थिति नहीं आई है कि उसे लोग नहीं मिलें। ऐसी कमेटी पूरी स्टडी करके रिपोर्ट लेकर आती है तो उसका असर होगा। सुप्रीम कोर्ट जाने का भी एक मजबूत आधार होगा। अभी भी बना सकती है। हरियाणा एक बड़ा आधार है। इससे माहौल भी बनेगा और एक बड़ा इश्यू सैटल होने में मदद भी मिलेगी। लेकिन सिर्फ इस एक मुद्दे पर अड़े रहने से कांग्रेस का कुछ फायदा होने वाला नहीं है। यह वही मसल होगी कि दिल तो बढ़ता है तबीयत तो बहल जाती है! बीमारी का इलाज नहीं होगा। जब तक बीजेपी सरकार में है ईवीएम हटाने का कोई सवाल ही नहीं। वह हटाने ही नहीं देगी। इसके लिए कांग्रेस को विपक्ष को सरकार में आना होगा। इसी ईवीएम के असर को रोककर कम करके। अधिकारियों पर दबाव बनाकर कि खबरदार कोई गड़बड़ी करने की कोशिश की तो! लेकिन अब बस यही है कि कांग्रेस करती नहीं है। हरियाणा जहां उसके नेता, कार्यकर्ता इतने दबंग थे वहां नहीं कर पाए तो दूसरे राज्यों जैसे मान लो गुजरात ही है जहां कांग्रेसी सबसे ज्यादा कमजोर है वहां क्या कर पाएगी। राहुल ने हरियाणा में भी कहा और हार के बाद बुधवार को अपनी पहली प्रतिक्रिया में भी कहा मेरे बब्बर शेर! तो यह शेर जब हरियाणा में धांधली नहीं रोक पाए तो दूसरी जगह जहां इनका शेरपन कम होगा वहां कैसे रोकेंगे? राहुल को कांग्रेस को पाइंट पर आना चाहिए। राहुल ने हरियाणा में कुमारी सैलजा और भूपेन्द्र हुड्डा के स्टेज पर हाथ मिलवाते हुए कहा कि मेरे शेर कभी कभी लड़ जाते हैं। फिर इन्हें एक करवाना मेरा काम होता है। सुनने में यह डायलग अच्छा है। मगर बेमतलब। राहुल ने यह कोई पहली बार हाथ मिलवाए। राजस्थान जो ठीक इसी वजह से कांग्रेस हारी वहां भी ऐसे ही गहलोत और सचिन पायलट के हाथ मिलवाए थे। मध्य प्रदेश में भी कमलनाथ और ज्यतिरादित्य सिंधिया के। छत्तीसगढ़ में आखिरी समय में टीएस सिंहदेव को उप मुख्यमंत्री बनाया। उत्तराखंड में चुनाव से पहले हरीश रावत ने कैसे कैसे नाटक किए। जल समुद्र मगरमच्छ! पता नहीं कौन कौन से बिम्ब बनाकर खुद को पीडित बताया। पूरी जिन्दगी वे ऐसी ही राजनीति करते रहे। और जब रो रोकर मुख्यमंत्री बन गए तो कांग्रेस के नेताओं के ही फोन उठाना बंद कर दिए। 2016 में जब स्टिंग विवाद में हरीश रावत सुप्रीम कोर्ट से जीत गए तो हाई कमान ने हरीश रावत से विधानसभा भंग करके चुनाव करवाने को कहा। उनके पक्ष में सहानुभूति लहर थी। जीते जाते। मगर उस समय तक वे कांग्रेस के मठाधीश बन गए थे। क्यों मानते? नहीं माने। और फिर 2017 में जो चुनाव हुए उसके बाद से कांग्रेस उत्तराखंड में आई ही नहीं। कांग्रेस के मठाधीशों की यह कहानी लंबी है। लेकिन इसका तोड़ बहुत छोटा है। हाईकमान की सख्ती। क्षत्रपों को हमेशा बताते रहना कि कांग्रेस से तुम हो। तुम से कांग्रेस नहीं। कितने उदाहरण हैं। मध्यप्रदेश में तो कमलनाथ पागल ही हो गए थे। खुद को भावी मुख्यमंत्री लिखवाने लगे थे। बुरी तरह हरवाया मध्य प्रदेश। फिर बेटे को लेकर बीजेपी में जा रहे थे। लेकिन कांग्रेस अभी भी उन पर कोई एक्शन लेने की हिम्मत नहीं कर रही। हरियाणा में क्या हुआ? कई दिनों तक कुमारी सैलजा कोप भवन में बैठी रहीं। भाजपा और बीएसपी प्रचार करते रहे कि दलित का अपमान हुआ है। मगर सैलजा ने कांग्रेस के पक्ष में कुछ नहीं बोला। उल्टे चैनल चैनल जाकर रोती रहीं कि मुझे टिकट नहीं दिया। इन्चार्ज मुझसे बात नहीं करते हैं। हुड्डा के समर्थक अपने चुनाव प्रचार में बुलाते नहीं। दूसरे महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने भी इसी राग को आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री बनना है। सैलजा को भी बनना। सुरजेवाला को भी भूपेन्द्र हुड्डा अटल बिहारी वाजपेयी का डायलग ले आएज् न टायर्ड हूं न रिटायर। डायलग भी अपने नहीं ला पाते। वह भी बीजेपी के। और सब मुख्यमंत्री बनने के लिए चैनल दर चैनल इंटरव्यू देने लगे। गोदी मीडिया की चांदी हो गई। तीनों के खूब इंटरव्यू लिए और गुटबाजी को खूब हवा दी। अब बीजेपी जीत गई। जिसकी उम्मीद खुद मोदी और अमितशाह को नहीं थी। सारे एक्जिट पोल, ग्राउन्ड रियलटी सब चीख चीख कर कह रहे थे कि बीजेपी गई। वह आ गई। क्या मतलब? विश्लेषण अभी बहुत होंगे। कांग्रेस भाजपा दोनों को करीब करीब बराबर वोट मिले हैं। 39- 39 प्रतिशत। भाजपा के केवल 0.8 (पाइंट आठ) प्रतिशत ज्यादा हैं।




**मेष राशिः** आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज किसी विशेष कार्य के प्रति चल रहे प्रयासों के आज बेहतर परिणाम मिलेंगे। लेकिन अपने उसूलों के साथ आप किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे। आज समाज में आपका उचित सम्मान बना रहेगा। आज किसी के साथ भी व्यर्थ के वाद विवाद में नही पड़ेंगे। आज किसी उलझे हुए मामले को सुलझाने के लिए बहुत अधिक धैर्य की जरूरत है।

**वृष राशिः** आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके नए विचार और जागरूकता आपके आत्मविश्वास और आत्मबल को बढ़ाएंगे। आज कोई रुका हुआ या उधार दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता है। आज किसी भी स्थिति में घबराने के बजाय उनका समाधान ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको सोल्यूशन मिल जायेगा। बिजनेस के सिलसिले में आपकी आज विदेश यात्रा भी हो सकती है।

**मिथुन राशि** : आज का दिन उत्तम बना रहेगा। अपने करियर को लेकर आप थोड़ा उलझन में होंगे। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते हैं। आज कार्यस्थल के कामों में उलझनें आएंगी, लेकिन समस्याओं से निजात पाने का रास्ता भी ढूंढ लेंगे। नौकरी में कार्यभार संबंधित कुछ दिक्कतें आएंगी। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और अनुशासित दिनचर्या रखने से आप स्वयं में ताजगी व ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे।

**कर्क राशिः** आज का दिन परिवार वालों के साथ बितेगा। आज आपको जो अच्छा लगता है, उस काम में समय बीताएं। इससे आपको शांति और ऊर्जा मिलेगा। अपने कामों को बहुत सावधानी और कुशलता से करेंगे। संतान की ओर से सुख की प्राप्ति होगी। आज की गई मेहनत के भविष्य में बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं। दांपत्य जीवन में सुख शांति बनी रहेगी। घर के बुजुर्गों का स्नेह एवं आशीर्वाद आपके मनोबल को बनाकर रखेगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन सफलता मिलने वाला है। इंजीनियरिंग करने वाले छात्रों के लिए आज जॉब के अच्छे ऑफर मिल सकते है। आज दिखावे की प्रवृत्ति की वजह से बेवजह के कामों में खर्च हो सकता है, अपने बजट को नजरअंदाज ना करें, वरना मुश्किल में पड़ जाएंगे। आज बातचीत करते समय उचित शब्दों का प्रयोग करेंगे तो रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। आज बिजनेस में किसी खास काम में और अनुभव लेने की जरूरत है। आज ऑफिशियल मामलों में चापलूस प्रवृत्ति के लोगों से सावधान रहें।

**कन्या राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। आपको बिजनेस में कोई बड़ी डील मिल सकती है। इससे आपको धनलाभ हो सकता है। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज आपकी मेहनत और सूझबूझ से आपकी उम्मीदें और आशाएं पूरी होगी। मनपसंद कामों में दिलचस्पी रहेगी। आज आपको आनंद महसूस होगा। सामाजिक गतिविधियों में भी योगदान रहेगा।

**तुला राशिः** आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। आज कोई अच्छी सुचना मिलने से मन खुश रहेगा। आज परिवार के साथ शॉपिंग आदि में भी बेहतरीन समय बीतेगा। आज कोई लक्ष्य हासिल करने में किसी अनुभवी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। आप अपने ईगो और गुस्से पर कंट्रोल रखेंगे, आज बेवजह के खर्च से बच जायेंगे।

**वृश्चिक राशिः**आज का दिन दोस्तों के साथ बितेगा। आज पिछले कुछ समय से चल रही कड़ी मेहनत के आज उचित परिणाम मिलने वाले हैं। आपको अपनी छवि और अधिक बेहतर बनाने का मौका भी मिलेगा। किसी समस्या का समाधान मिलने में किसी प्रिय मित्र का विशेष सहयोग रहेगा। आज कोई भी बड़ा फैसला ना ले। आज अपने भविष्य और करियर के साथ किसी भी प्रकार का समझौता ना करें।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम है। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में आज कुछ सहकर्मी आपके काम को लेकर आपकी तारीफ कर सकते है। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। स्टूडेंट को आज अपनी पढ़ाई में बदलाव करने के लिए टाइम-टेबल में चेंजेस करने की जरूरत है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बढिया रहेगा। आज किसी काम में जीवनसाथी और परिवार जनों का पूरा सहयोग मिलेगा। आप भी अपनी व्यस्ततम दिनचर्या में से घर परिवार के लिए समय जरूर निकालेंगे। आज बेवजह की नोकझोंक और वाद-विवाद से दूर रहेंगे तो आपका मानसिक सुकून बना रहेगा। अपनी व्यवसायिक पार्टियों के साथ संपर्क में रहें।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको कई दिनों से रूके हुए काम में सफलता मिल सकती है। परिवार में किसी विशेष कार्य को लेकर आपसी वार्तालाप होगा। आपके निर्णय को विशेष प्राथमिकता भी मिल सकती है। आज आपको मेहनत के उचित परिणाम मिलने से प्रसन्नता रहेगी और मनोबल भी बढ़ेगा।

**मीन राशिः** आज का दिन स्टूडेंट के लिए अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं। दोनों के बीच में सामांजस्य बना रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी मित्र से हो सकती है। जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद होगी। लवमेट के लिए आज रिश्तों में मिठास भरने का दिन है। आज आपको व्यापार में अचानक धनलाभ का अवसर प्राप्त हो सकता है ।

## शब्द सामर्थ्य -207

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 206 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

## सूडोकु नवताल- 7219

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7218 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## खास खबर

### पद्मश्री कलावती देवी जी की पूण्य तिथि समाजिक स्तर पर धूमधाम से मनाया जायःडॉ0 दयानंद राउत

- कलावती स्नातक महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 दयानंद राउत की अध्यक्षता हुई बैठक, पारित हुए प्रस्ताव
- अररिया जिला में दो पद्मश्री से सम्मानित पद्मश्री स्व0 फणीश्वर नाथ रेणु एवं पद्मश्री स्व0 कलावती देवी हैं रेणु जी को राज्य स्तरीय दर्जा प्राप्त है, जबकि पद्मश्री स्व0 कलावती देवी को इस तरह का सम्मान नही मिला
- प्रधानाचार्यने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन से पद्मश्री स्व0 कलावती देवी जी को उचित सम्मान दिलवाने की माँग की



**रानीगंज/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** स्थानीय कलावती स्नातक महाविद्यालय, कलावती नगर, रानीगंज के शिक्षक सदन में दिनांक-14/10/2024 को महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की एक बैठक महविद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य डॉ० दयानंद राउत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महविद्यालय में चल रहे सभी वर्ग कक्षा का नियमित संचालन करने का निर्णय लिया गया । इसके लिए सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को फ़ोन कर सूचित किया जाय कि अगर छात्र-छात्राओं की 75% उपस्थिति नही होगी तो वैसे छात्र को किसी भी सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म भरने नही दिया जायेगा| इसके साथ ही निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय की संस्थापिका महान समाजसेविका पद्मश्री कलावती देवी जी की पूण्य तिथि समाजिक स्तर पर धूमधाम से मनाया जाय ।इसके लिए जिला स्तरीय पदाधिकारियों, पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया के कुलपति, कुलसचिव एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ समाज के बुद्धिजीवियों एवं आम जनता को आमंत्रित किया जाय ।इस अवसर प्राचार्य डॉ० दयानंद राउत ने कहा कि अररिया जिला में दो पद्मश्री से सम्मानित पद्मश्री स्व० फणीश्वर नाथ रेणु एवं पद्मश्री स्व० कलावती देवी पद्मश्री स्व० फणीश्वर नाथ रेणु जी को राज्य स्तरीय दर्जा प्राप्त है, जबकि पद्मश्री स्व० कलावती देवी को इस तरह का सम्मान नही मिला ।उन्होंने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन से पद्मश्री स्व० कलावती देवी जी को उचित सम्मान दिलवाने की माँग की । बैठक में डॉ० अब्दुर रउफ, प्रो० गजेन्द्र कुमार सिंह, प्रो० सुनील प्रधान, प्रो० प्रभाष चन्द्र यादव, डॉ० अवधेश कुमार, प्रो० शंभू कुमार सिंह, प्रो० मोहित लाल जायसवाल, प्रो० तबरेज़ आलम, डॉ० सुबोध मंडल, प्रो० रूपा रानी, राहुल कुमार मंडल, संजय दत्ता, भीम पंजियार, रमेश साह, सतनारायण यादव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये ।

### युवा भाजपा नेता अजीत कुमार झा का आह्वान "मोदी मित्र" बनने के लिए आगे आएं

- भाजपा में खुशीः युवा भाजपा नेता अजीत झा को मिला "मोदी मित्र" का सम्मान
- "यह अभियान हमारे युवा और सक्रिय कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें मिलकर पार्टी की ताकत बढ़ानी है और भारतीय राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाना है"




**कुर्साकांटा।** भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के तहत बिहार में कार्यकर्ताओं ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस अभियान के अंतर्गत श्री अश्वनी कुमार तिवारी, श्री प्रभांशु कुमार झा, श्री अजीत कुमार झा और श्री अमृत राज ने मिलकर 1 हजार से अधिक नए सदस्यों को जोड़ा है। इस उपलब्धि के लिए कुर्साकांटा अररिया के अजीत कुमार झा को "मोदी मित्र" का सम्मान प्राप्त हुआ है। अजीत कुमार झा ने कहा कि यह अभियान भाजपा के विस्तार और जनसंपर्क को बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। अजीत ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया और व्यक्तिगत संपर्क जैसे विभिन्न तकनीकी साधनों का उपयोग कर अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ा है। जो लोग इस अभियान में शामिल होना चाहते हैं, वे 1 हजार सदस्यों के क्लब में शामिल होकर "मोदी मित्र" बन सकते हैं। इसके लिए उन्हें स्क्रीनशॉट मैसेज भेजने की आवश्यकता है। अजीत कुमार झा ने कहा, "यह अभियान हमारे युवा और सक्रिय कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें मिलकर पार्टी की ताकत बढ़ानी है और भारतीय राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाना है।" भाजपा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, उन्होंने सभी से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण मुहिम में आगे बढ़ें।

# अररिया प्रखंड के महासिद्ध पीठ तेगछिया प्रांगण में फीता काटकर सांसद ने किया नाटक का उद्घाटन



**ताराबाड़ी(अररिया)** ।दशहरा के मौके पर अररिया प्रखंड के प्रसिद्ध महासिद्धी पीठ तेगछिया में दो दिवसीय नाटक का सफल मंचन हुआ। इस दौरान देवी नाट्य कला परिषद के तत्वावधान में आयोजित नाटक जय श्री कृष्णा का शुभारंभ से पूर्व सांसद प्रदीप कुमार सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा मुखिया संघ अध्यक्ष शाद अहमद बबलू, जिप सदस्य आकाश राज, पैक्स अध्यक्ष संतोष कुमार झा, पूजा समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ झा, ह्यूमन सर्विस सेंटर के सेक्रेटरी शंभूनाथ झा आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान विघ्नहर्ता गणेश व जय श्री कृष्णा धार्मिक नाटक का सफल मंचन देवी नाटक कला परिषद के कलाकारों द्वारा किया गया। संबोधित करते सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि यह धरती कला संस्कृति की धरती रही है। यहां से लोग फिल्म इंडस्ट्री मुंबई तक के सफर तय किए हैं। नाटक हमें सामाजिक सौहार्द, धार्मिक अनुभूति, दहेज प्रथा, सामाजिक उत्पीड़न, बाल विवाह, समाज में व्याप्त कुरीतियां, भ्रष्टाचार आदि के प्रति सजग करते हुए सामाजिक जागरूकता में अहम योगदान देती रही है। डिजिटल युग में भी लोग नाटक को बेहद पसंद करते हैं। धार्मिक नाटक के बीच आकर्षक रूप सज्जा दर्शकों के बीच रात भर जगने पर मजबूर कर दिया। रातभर गीत संगीत, नृत्य, गजल, झांकी, रिकॉर्डिंग डांस, मरकरी डांस के अलावे हास्य परिहास्य के माध्यम से लोगों का भरपूर मनोरंजन कराया गया। जबकि कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों का खूब तालियां बटोरी। सफल मंचन में वार्ड सदस्य रंजीत झा, सरस शेखर, अजीत कुमार बौआ, शिक्षक रूपेश कुमार झा, सुमित कुमार झा, सुनील कुमार झा बौआ, भावेश कुमार झा, कन्हैया झा, शेखर झा, कृष्ण झा, भानु कुमार झा, प्रभात कुमार झा, मोहित झा, लव झा, शेखर झा, सहित देवी नाटक कला परिषद के रंगकर्मी व सहकर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

**देवी नाटक कला परिषद के तत्वावधान में दो दिवसीय नाटक का हुआ मंचन**

# मेरा प्रखंड मेरा गौरव शीर्षक से एक प्रतियोगिता का आयोजन

- प्रत्येक प्रखंड से एक स्थल का चयन किया जाना है जो पर्यटन स्थल के रूप में महत्वपूर्ण हो
- प्रतियोगिता का उद्देश्य वैसे पर्यटन स्थल जो अब तक प्रकाश में नहीं आ पाए हैं उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से प्रकाश में लाना है




**अररिया ।** पर्यटन विभाग बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन अररिया के संयुक्त तत्वावधान में मेरा प्रखंड मेरा गौरव शीर्षक से एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्देश्य वैसे पर्यटन स्थल जो अब तक प्रकाश में नहीं आ पाए हैं उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से प्रकाश में लाना है। यह प्रतियोगिता पूरी तरह से ऑनलाइन है। प्रत्येक प्रखंड से प्रतिभागी अपने प्रखंड के अंदर किसी ऐसे स्थल का पहचान करेगा जो अब तक अनदेखा रहा है लेकिन पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो। प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी द्वारा चयनित पर्यटन स्थल का फोटो एवं वीडियो अच्छी गुणवत्ता की होनी चाहिए, ताकि स्थल की विशेषताएँ स्पष्ट रूप से दिख सके। वीडियो प्रतियोगिता अवधि में सूट किया हुआ होना चाहिए। प्रतियोगिता में शामिल होने की अंतिम तिथि एक नवंबर 2024 है। पुरस्कार को चार श्रेणी में विभाजित किया गया है। ज्यूरी अवार्ड, पीपुल्स चॉइस अवार्ड, सांत्वना पुरस्कार एवं अन्य पुरस्कार शामिल है। प्रत्येक प्रखंड से एक स्थल का चयन किया जाना है जो पर्यटन स्थल के रूप में महत्वपूर्ण हो। उसका चयन कर विभाग को अग्रसरित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी विभागीय वेबसाइट https://www.tourism.bihar.gov.in पर निबंधन कर सकते हैं। या अधिक जानकारी के लिए पर्यटन प्रभारी सह जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# सांसद प्रदीप कुमार सिंह और पूर्व मंत्री विजय कुमार मंडल का विजय सिंह के आवास पर भव्य स्वागत, सदस्यता अभियान पर जोर



**दैनिक शुभ भास्कर, कुर्साकांटा।** सिकटी विधानसभा क्षेत्र के कुर्साकांटा के पूर्व उप प्रखंड प्रमुख विजय सिंह के आवास पर अररिया सांसद श्री प्रदीप कुमार सिंह और पूर्व मंत्री सह सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता ने इन लोकप्रिय नेताओं से मुलाकात की, जिससे क्षेत्र में उनकी उपस्थिति की महत्ता और बढ़ गई।इस कार्यक्रम में शंकरपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि और भाजपा नेता संतोष मंडल भी मौजूद रहे। नेताओं ने सदस्यता अभियान पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग को पार्टी से जोड़ना है। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा, "हमारा लक्ष्य है कि हम अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराएं और उन्हें भाजपा परिवार का हिस्सा बनाएं।" पूर्व मंत्री विजय कुमार मंडल ने सदस्यता अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, "यह अभियान हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के समर्थन पर निर्भर करता है। हमें मिलकर काम करना होगा ताकि हम अपने विचारों को और अधिक लोगों तक पहुंचा सकें।" उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाएं और लोगों को सदस्यता लेने के लिए प्रेरित करें। मंडल ने कहा, "सदस्यता अभियान केवल संख्या बढ़ाने के लिए नहीं है, बल्कि यह हमारे संगठन को मजबूत करने का एक साधन है।" कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नेताओं की बातों को ध्यान से सुना और सक्रिय रूप से सदस्यता अभियान में शामिल होने का आश्वासन दिया। इस प्रकार, यह कार्यक्रम केवल नेताओं की बैठक नहीं थी, बल्कि यह भाजपा के सदस्यता अभियान को सशक्त करने और क्षेत्र के विकास के लिए एक नई दिशा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ।

### सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में कार्यशाला आयोजित

## मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मंत्री स्वदेश यादव,जिला प्रभारी लखी महतो व विशेष प्रभारी के रूप में विजय शंकर चौधरी उर्फ खोखा बाबू रहे मौजूद



**दैनिक शुभ भास्कर, अररिया।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सक्रिय सदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा के अध्यक्षता में आयोजित हुआ बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मंत्री स्वदेश यादव उपस्थित थे,बैठक में जिला प्रभारी लखी महतो पूर्व जिला प्रभारी और उक्त कार्यशाला हेतु विशेष प्रभारी के रूप में विजय शंकर चौधरी उर्फ खोखा बाबू नरपतगंज के विधायक जयप्रकाश यादव फारबिसगंज के विधायक विद्यासागर केसरी नरपतगंज के पूर्व विधायक और सदस्यता अभियान के संयोजक देवंती यादव पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण मेहता पूर्व विधायक परमानंद ऋषि देव जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष शंभू साह फारबिसगंज नगर परिषद के अध्यक्ष वीणा देवी यादव राष्ट्रीय परिषद सदस्य रानी यादव महामंत्री प्रताप नारायण मंडल कृष्ण कुमार सेनानी जिला उपाध्यक्ष उदय शंकर उमानंद राय सितेश ठाकुर मंत्री सह जिला पार्षद कलवी देवी सुष्मिता ठाकुर नीरज झा महिला मोर्चा के अध्यक्ष चांदनी सिंह युवा मोर्चा के अध्यक्ष आकाश राज अररिया नगर अध्यक्ष संजय अकेला सहित सभी मंडल के अध्यक्ष सदस्यता टोली के जिला के और मंडल के प्रभारी मोर्चा के जिला के पदाधिकारी के अलावा भारतीय जनता पार्टी के सभी अपेक्षित कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यशाला में बताया गया कि आज अररिया जिला एक लाख से ज्यादा प्राथमिक सदस्य बनाने में सभी जमीनी कार्यकर्ताओं की बदौलत कामयाब रही प्राथमिक सदस्यता अभियान 16 अक्टूबर तक चलेगी लेकिन अभियान के बाद भी प्राथमिक सदस्यता को बंद नहीं करना है और अब सक्रिय सदस्यता अभियान जो 16 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर तक चलेगी उसे पर भी विशेष जोर देना है 50 प्राथमिक सदस्य बनने वाले कार्यकर्ता को सक्रिय सदस्य नमो ऐप पर100 डोनेशन के पश्चात बनाया जाएगा इस काम में सभी कार्यकर्ता लग जाए प्रत्येक बूथ में काम से कम दो सक्रिय सदस्य और एक मंडल में कम से कम 100 तक सक्रिय सदस्य बनाना अनिवार्य है अररिया जिला भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कई कार्यक्रमों में अपना जिला का नाम देश स्तर पर किया है उम्मीद है की सदस्यता अभियान में भी अररिया जिला अपना सम्मानित स्थान दर्ज करने में सफल रहेगी इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरा मुस्तैदी और ताकत के साथ लग जाने की जरूरत है।

**बैठक में नरपतगंज के विधायक जयप्रकाश यादव फारबिसगंज के विधायक विद्यासागर केसरी भी मौजूद रहे**

### पूर्व मंत्री शाहनवाज, पूर्व विधायक अनिल यादव सहित राजद नेताओं का सम्मान समारोह

- "हम सभी एकजुट हैं और पार्टी के विकास में योगदान देंगे।":धर्मानंद विश्वास



**दैनिक शुभ भास्कर, कुर्साकांटा।** हाल ही में भाजपा छोड़कर राजद में शामिल हुए धर्मानंद विश्वास उर्फ राकेश विश्वास के आमंत्रण पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में माननीय पूर्व मंत्री और जोकीहाट के राजद विधायक शाहनवाज आलम, पूर्व विधायक नरपतगंज अनिल यादव, और प्रदेश सचिव मेदनी कृष्ण उर्फ टीपू यादव शामिल हुए। राकेश विश्वास के आवास पर आयोजित इस समारोह में आगत नेताओं का पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। राकेश विश्वास ने कहा, "हम सभी एकजुट हैं और पार्टी के विकास में योगदान देंगे।" राजद नेताओं ने भी राकेश विश्वास का तहे दिल से स्वागत किया और पार्टी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। इस अवसर पर निवर्तमान रानीगंज विधानसभा के राजद प्रत्याशी अविनाश मंगलम, प्रखंड राजद अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह, और अन्य कई नेता उपस्थित रहे। इस समारोह ने राजद परिवार की एकता और सद्भाव को दर्शाया, जो पार्टी के भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत है।

### पूर्व प्रमुख योगेन्द्र विश्वास के घर सत्संग का आयोजन, स्वामी नारायण बाबा से मिले समाजसेवी हरि प्रमाणिक



**दैनिक शुभ भास्कर,सिकटी।** क्षेत्र भ्रमण एवम जनसंपर्क अभियान के दौरान सिकटी विधानसभा क्षेत्र के वरीय सामाजिक कार्यकर्त्ता हरि प्रमाणिक अपने साथियों के साथ स्वामी नारायण बाबा से मिले। संत दर्शन कर पूर्व प्रमुख योगेन्द्र विश्वास के यहां भंडारा का प्रसाद भी ग्रहण किए। श्री प्रमाणिक ने कहा कि लोगों का उद्धार संत शरण से हीं होगा। संतों के बताए मार्ग पर चलें तो इहलोक और परलोक सुखमय रहेगा। उन्होंने कहा कि उनका जनसंपर्क अभियान जारी है। वे जनता जनार्दन से मिल रहे हैं। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि उनका सिकटी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ना तय है उन्हें जनता का स्पोर्ट मिल रहा है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान योगेन्द्र विश्वास (पूर्व प्रमुख सिकटी) के आमंत्रण पर उनके घर सत्संग में पाहुंच कर पूज्य नारायण बाबा से आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया तथा प्रियजनों से मुलाक़ात भी किया।

# "बरदाहा मेला को मिले सरकारी दर्जा, अगले साल से होगा 'बरदाहा महोत्सव': रंटू मंडल



**दैनिक शुभ भास्कर,फारबिसगंज।** बरदाहा मेले के उद्घाटन समारोह में शामिल होकर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और ठेलामोहन पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि युवराज राजारमण भास्कर उर्फ रंटू मंडल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बरदाहा मेला उत्तरी बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने इस मेले को सरकारी मेला का दर्जा देने की मांग की, ताकि यह और भी भव्य रूप ले सके। रंटू मंडल ने कहा, "यह मेला न केवल स्थानीय समुदाय के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इससे न केवल सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त किया जा सकता है।" उन्होंने बताया कि इस वर्ष से मेला को "बरदाहा महोत्सव" के रूप में आयोजित करने की योजना है, जिससे इसकी पहचान और बढ़ेगी। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सरकार से अपील की कि वे इस आयोजन को समर्थन दें ताकि भविष्य में इसे और बेहतर बनाया जा सके। रंटू मंडल ने कहा, "हम चाहते हैं कि बरदाहा महोत्सव को सभी स्तरों पर मान्यता मिले, जिससे यह न केवल मनोरंजन का स्रोत बने, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूती प्रदान करे।" इस दौरान, रंटू मंडल ने मेला में शामिल दर्शकों और कलाकारों की सराहना की, खासकर भोजपुरी गायिका अदिति राज और तिवारी बंधु की प्रस्तुति की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। रंटू मंडल का यह बयान बरदाहा मेले की महत्ता को उजागर करता है और यह दिखाता है कि वे इसे और अधिक प्रतिष्ठित बनाने के लिए किस प्रकार प्रतिबद्ध हैं। बरदाहा मेला में अदिति राज व तिवारी बंधु की रही की शानदार प्रस्तुति उत्तरी बिहार के चर्चित बरदाहा मेले में इस वर्ष का आयोजन शानदार रहा। मेला लगभग एक पक्ष तक चलता है और दर्शकों के लिए थियेटर, चित्रहार, मौत का कुआं, झूला और अन्य मनोरंजन संसाधनों से भरा हुआ है। बीती रात, सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन फारबिसगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी और ठेलामोहन पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि युवराज राजारमण भास्कर उर्फ रंटू मंडल ने किया। इस कार्यक्रम में पूर्व जिलापरिषद सदस्य मायानंद ऋषिदेव, अभिषेक और अन्य माननीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सांस्कृतिक संध्या में भोजपुरी गायिका अदिति राज और तिवारी बंधु की युगल प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी एक से बढ़कर एक गीतों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर मेला उद्घाटन में स्थानीय विधायक और रानीगंज विधायक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस आयोजन की सराहना की। बरदाहा मेला ने अपने सांस्कृतिक रंग से सभी को एकजुट किया और इस क्षेत्र की समृद्ध परंपरा को जीवित रखा है।

**बरदाहा मेला में भोजपुरी गायिका अदिति राज एवम तिवारी बंधु की शानदार प्रस्तुति**

# टी पी कॉलेज में रतन टाटा को श्रद्धांजलि भारत रत्न सम्मान देने की मांग



**दैनिक शुभ भास्कर,मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में रतन टाटा (28 दिसंबर, 1937 से 9 अक्टूबर, 2024) के सम्मान में सोमवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. भूपेंद्र नारायण यादव मधेपुरी ने कहा कि रतन टाटा एक आदर्श उद्योगपति थे। वे 1961 में टाटा ग्रुप में शामिल हुए और लंबे समय तक इसके सर्वोच्च पद पर विराजमान रहे। उन्होंने भारत के औद्योगिक विकास में महती भूमिका निभाई।

**भारत के सच्चे रत्न थे रतनः** डॉ. मधेपुरी ने कहा कि रतन टाटा भारत के सच्चे रत्न थे। उन्होंने सेवा एवं परोपकार की मिशाल कायम की और लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाया। उद्योग एवं व्यापार के साथ-साथ शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उनकी पहल देश को वर्षों तक लाभान्वित करेगी।

**सामाजिक दायित्वों का किया निर्वहनः** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने उत्कृष्टता एवं विश्वसनीयता के साथ अपने उद्योग एवं व्यवसाय का विस्तार किया। उनके कुशल नेतृत्व में टाटा ग्रुप की कंपनियों ने देश के विकास में अहम योगदान दिया और विश्व के सौ देशों में अपना विस्तार किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि रतन टाटा आर्थिक लाभ से अधिक सामाजिक दायित्वों के निर्वहन पर ध्यान देते थे। उन्होंने उद्योग एवं व्यापार में नैतिकता एवं मानवता के उच्च मानक स्थापित किया। कोरोना के समय में रतन टाटा ने बड़ा दिल दिखाते हुए देश के लोगों के बेहतरी के लिए पंद्रह हजार करोड़ रुपये खर्च किए थे। प्रधानाचार्य ने कहा कि रतन टाटा ने देश की अर्थव्यवस्था, व्यापार एवं उद्योग को गति देने में महती भूमिका निभाई। मानवता की सेवा में उनके अमूल्य योगदान के लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। उनके निधन से न केवल भारत, बल्कि संपूर्ण विश्व को अपूरणीय क्षति हुई है।

**बना है छात्रावासः** टाटा आयरन एवं स्टील छात्रावास के अधिक्षक डॉ. उपेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि महाविद्यालय में टाटा द्वारा दिए गए अनुदान से एक चौबीस बेड का छात्रावास संचालित है। इसका निर्माण तत्कालीन प्रधानाचार्य सह सांसद प्रो. महावीर यादव के कार्यकाल में हुआ था। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर रतन टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे रतन टाटा के परिजनों तथा शुभचिंतकों को दुख सहन करने की शक्ति दे। सबों ने सर्वसम्मति से भारत सरकार से मांग की कि रतन टाटा को भारत रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाए। इस अवसर पर अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश कुमार अरिमर्दन, दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर, डॉ. विजया कुमारी, डॉ. स्वर्ण मणि, डॉ. रोहिणी, मिथिलेश कुमार, डॉ. कुमार सौरभ, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. रागिनी, डॉ. कुमार गौरव, डॉ. शहरयार अहमद, अमित कुमार, डॉ. आशुतोष झा, विनित राज, अर्जुन साह, नारायण ठाकुर, राजा कुमार, डॉ. अशोक कुमार अकेला, विवेकानंद, मणीष कुमार, महेश कुमार, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।



# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ग्रीन बाहर

**आईपीएल भी नहीं खेल पाएंगे**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के हरफ़नमौला खिलाड़ी कैमरन ग्रीन को पीठ में तकलीफ़ की वजह से सर्जरी से गुज़रना होगा, जिसका मतलब ये हुआ कि वह अब भारत के ख़िलाफ़ होने वाली टेस्ट सीरीज़ का हिस्सा नहीं होंगे। ग्रीन को पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर है जिसके लिए उन्होंने सर्जरी का विकल्प चुना है, उनकी वापसी अब कम से कम छह महीने बाद ही मुमकिन हो पाएगी।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मेडिकल स्टाफ़ के साथ पिछले दो हफ़्तों से चल रही लंबी बातचीत के बाद ग्रीन ने ये फ़ैसला किया है। सीए का मानना है कि वैसे तो सर्जरी के बाद वापसी और पूरी तरह ठीक होना खिलाड़ी के ऊपर निर्भर होता है और इसमें नौ महीनों तक का वक़्त लग सकता है। हालांकि उन्हें भरोसा है कि ग्रीन छह महीनों में वापसी कर सकते हैं। छह महीने क्रिकेट से दूर होने का मतलब है कि ग्रीन अब भारत के ख़िलाफ़ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ के साथ-साथ श्रीलंका के ख़िलाफ़ अहम टेस्ट सीरीज़ और चैंपियंस ट्रॉफ़ी 2025 का हिस्सा नहीं होंगे। इसके अलावा वह आईपीएल भी नहीं खेल पाएंगे और अगर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी ) फ़ाइनल में ऑस्ट्रेलिया पहुंचती है तो वहां भी ग्रीन टीम का हिस्सा नहीं रहेंगे।

सीए का मानना है कि अगले साल जून और जुलाई में कैरेबियाई दौरे पर जाने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का भी ग्रीन अब हिस्सा नहीं रह पाएंगे, उनकी वापसी होने के बाद गेंदबाज़ी के लिए वह कब तैयार होते हैं ये भी देखना अहम होगा। जानकारी के मुताबिक़ न्यूज़ीलैंड के सर्जन ग्रैम इंग्लस और रोवैन शूटेन ही ग्रीन की सर्जरी कर सकते हैं। इन दोनों ने इसी तरह की परेशानी से जूझ रहे 26 खिलाड़ियों की पिछले दो दशकों में सफल सर्जरी की है। उनमें से एक काइल जेमीसन की सर्जरी सफल नहीं हो पाई थी लेकिन उनकी बीमारी बेहद पेचीदा थी। हालांकि न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा है कि जेमीसन अब वापसी के कगार पर हैं और दिसंबर में शुरू हो रहे सुपर स्मैश में नज़र आ सकते हैं। इनके अलावा ऑस्ट्रेलिया के तेज़ गेंदबाज़ बेन ड्वारश्विस भी इन्हीं सर्जन से 2019 में अपना इलाज करा चुके हैं। ड्वारश्विस 10 महीनों के अंदर ही घरेलू क्रिकेट खेलने लगे थे।

इसी तरह जेसन बेहरनडॉर्फ़ ने भी अक्टूबर 2019 में पीठ की सर्जरी कराई थी और दिसंबर 2020 में उन्होंने वापसी कर ली थी। हालांकि उसके बाद उन्होंने कोई प्रथम श्रेणी मुक़ाबला नहीं खेला है लेकिन उन्हें अब किसी तरह की कोई समस्या नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के एक और तेज़ गेंदबाज़ जेम्स पैटिंसन को भी इसी तरह की परेशानी के लिए सर्जरी से गुज़रना पड़ा था और उन्होंने 12 महीने बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी की थी।

जबकि उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए 22 महीनों का और इंतज़ार करना पड़ा था, लेकिन वह दूसरी चोटों की वजह से परेशान रहे थे और आख़िरकार 32 साल की उम्र में संन्यास ले लिया था।

## सार समाचार

**पंजाब के हुए हरमनप्रीत**

### हॉकी लीग में अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी बने



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सात साल बाद वापसी कर रही हॉकी इंडिया लीग की बोली में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह की 78 लाख की सबसे बड़ी बोली लगी। सरपंच साहब के नाम से मशहूर स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और भारतीय टीम में शामिल खिलाड़ियों को लेने के लिए उम्मीद के मुताबिक टीमों में बड़ी होड़ रही। उनके अलावा अभिषेक शर्मा दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे जिन्हें श्राची रारह बंगाल टाइगर्स ने 72 लाख रुपये में खरीदा। हार्दिक सिंह को यूपी रुद्धाक्ष ने 70 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। इसके अलावा अमित रोहिदास को तमिलनाडु ड्रैगन्स ने 48 लाख जबकि जुगराज सिंह को इतनी ही राशि में श्राजी रारह बंगाल टाइगर्स ने अपने साथ जोड़ा। हैदराबाद तूफान्स ने सुमित पर 46 लाख रुपये का दांव लगाया है। इसके अलावा हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह और विवेक सागर भी मालामाल हो गए। विदेशी गोलकीपरों में जर्मनी के जीन पाल डेनेबर्ग को हैदराबाद ने 27 लाख रुपये में लिया। भारतीय गोलकीपरों में कृष्ण बहादुर पाठक 32 लाख रुपये में कलिंगा लांसर्स में और सूरज करकेरा 22 लाख में टीम गोनासिका और पवन 15 लाख रुपये में दिल्ली एसजी पाइपर्स में शामिल हुए। तीन दिवसीय बोली में पहले दिन पुरुष खिलाड़ियों की बोली लगी। लीग में पुरुष वर्ग में आठ और महिला वर्ग में छह टीमें हिस्सा लेंगी।

### शंघाई मास्टर्स का खिताब जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने सिनर



**शंघाई, एजेंसी।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जानिक सिनर शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। सिनर ने रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता जोकोविच को सीधे सेटों में हराया। 23 वर्षीय सिनर यह खिताब जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बने।

सिनर ने यह मुकाबला 7-6 (7-4), 6-3 से जीता। यह सिनर का चौथा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब है।

**टूर स्तर पर 100वां खिताब जीतने का इंतजार बढ़ा**

इटली के इस खिलाड़ी ने आठ ऐस और 22 विनर लगाए। जोकोविच ने चार ऐस और 12 विनर लगाए, जबकि सिनर ने एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया। जोकोविच टूर स्तर के अपने 100वें खिताब की कोशिश में जुटे थे। जिमी कोनोर्स और रोजर फेडरर ही पुरुष टेनिस में शतक के खिताबी आंकड़े को पार कर पाए हैं। कोनोर्स ने 109 जबकि फेडरर ने 103 टूर स्तर के खिताब जीते हैं।

सिनर ने मैच के बाद कहा, यह बहुत कठिन मैच था, जाहिर है, नोवाक के खिलाफ खेलना हमारे लिए सबसे कठिन चुनौतियों में से एक है। जिस तरह से मैंने स्थिति को संभाला उससे मैं बहुत खुश हूं। वह पहले सेट में शानदार सर्विस कर रहा था, मुझे उसे तोड़ने का कोई रास्ता नहीं मिल रहा था। मैंने वास्तव में अच्छा टाई-ब्रेक खेला जिससे मुझे दूसरे सेट में अच्छी शुरुआत करने का आत्मविश्वास मिला।

# कोहली में है रनों की भूख, हर मैच के बाद आकलन सही नहीं: गौतम गंभीर

**बेंगलुरू, एजेंसी।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर पिछले कुछ अर्से में विराट कोहली के खराब फॉर्म से चिंतित नहीं है और उन्होंने कहा है कि इस स्टार बल्लेबाज में रनों की उतनी ही भूख है जितनी पदार्पण के समय थी लिहाजा हर मैच के बाद आकलन करना सही नहीं है।

कोहली ने पिछली आठ पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक (सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2023 में 76 रन) लगाया। न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले उनका फॉर्म में लौटना जरूरी है चूंकि इसके बाद भारतीय टीम को पांच टेस्ट के दौरे के लिये आस्ट्रेलिया जाना है। गंभीर ने यहां पत्रकारों से कहा, 'विराट को लेकर मेरी सोच एकदम स्पष्ट है कि वह विश्व स्तरीय क्रिकेटर है। उसने इतने साल से इतना अच्छा प्रदर्शन किया है। रनों को लेकर उसकी भूख वैसी ही है जैसी पदार्पण के समय थी।

उन्होंने कहा, 'यही भूख उसे विश्व स्तरीय क्रिकेटर बनाती है। मुझे यकीन है कि वह इस श्रृंखला और आस्ट्रेलिया में भी रन बनाएगा। गंभीर ने कहा कि किसी खिलाड़ी का आकलन




एक खराब मैच या श्रृंखला के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हर मैच के बाद आकलन सही नहीं है।

अगर आप हर मैच के बाद ऐसा करने लगे तो यह उनके लिये सही नहीं होगा। यह खेल है और विफलता का सामना करना ही होता है। अगर हमें नतीजे अनुकूल मिल रहे हैं तो चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा, 'रोज कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकता।

हमारा काम खिलाड़ियों का समर्थन करते रहना है। मेरा काम सर्वश्रेष्ठ 11 का चयन करना है, किसी को बाहर करना नहीं। हमें आठ टेस्ट लगातार खेलने हैं और सभी की नजरें अच्छे प्रदर्शन पर है।




# पीआर श्रीजेश के बाद रानी रामपाल भी कहेंगी अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा

**भारत-जर्मनी मैच में करेंगी ऐलान**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहने वाली हैं। रानी लंबे बीते लगभग 3 साल से 'टीम इंडिया' से बाहर हैं। जनसत्ता.कॉम को पता चला है कि रानी रामपाल दिल्ली में होने वाले भारत-जर्मनी मैच के दौरान अपने फैसले का ऐलान करेंगी।

भारत के लिए खेले 254 मैच

हरियाणा की रहने वाली रानी रामपाल ने साल 2008 में टीम इंडिया में डेब्यू किया था। उन्होंने 254 मुकाबलों में 120 गोल किए। वह साल 2018 में एशियन गेम्स में सिल्वर और 2014 के एशियाड में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली टीम का हिस्सा रहीं। रानी की कप्तानी में भारत ने टोक्यो ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया था।

### टोक्यो ओलंपिक के बाद से टीम से बाहर

ओलंपिक के बाद तत्कालीन कोच श्योर्ड मरीन्ये अपने पद से हट गए थे और उनकी जगह यानेक शॉपमैन जिम्मेदारी संभाली थी। ऐसा माना जाता है कि यानेक और रानी के बीच रिश्तों में तल्खी थी। उस दौरान रानी रामपाल चोट से भी जूझ रही थीं। शायद यह वजह थी कि साल 2022 में गुजरात में हुए राष्ट्रीय खेलों में 6 मुकाबलों में 18 गोल करने के बावजूद उनकी 'टीम इंडिया' में वापसी नहीं हुई।

### कोच के साथ रिश्तों में रही खटास

यानेक ने कई बार रानी की तारीफ की, लेकिन हर बार यही कहा कि फिलहाल टीम में उनकी जगह नहीं बन रही। शॉपमैन ने जब महिला हॉकी टीम के कोच का पद छोड़ा तो उन्होंने कहा था कि रानी को टोक्यो के बाद ही खेल को अलविदा कह देना चाहिए था। रानी चोटिल होते हुए टोक्यो ओलंपिक खेली और उन्होंने किसी को नहीं बताया। शॉपमैन के मुताबिक, रानी रामपाल ने कभी उनकी बात नहीं मानी।

दूसरी ओर रानी रामपाल वापसी के लिए प्रतिबद्ध थीं। उन्होंने पिछले साल अंडर-17 का कोच बनने के बाद भी यह प्रतिबद्धता जाहिर की थी। उस दौरान अपने संन्यास को लेकर उन्होंने कहा था, 'मैं कभी हार नहीं मानना चाहती। अगर ऐसा होता तो मैं ओलंपिक के बाद सब कुछ छोड़ देती।'

### रिटायरमेंट से पहले ही की नई पारी की शुरुआत

रानी रामपाल रिटायरमेंट के ऐलान से पहले ही अपनी नई पारी की शुरुआत कर चुकी हैं। जूनियर टीम के बाद वह हॉकी इंडिया लीग में भी कोचिंग स्टाफ के तौर पर दिखेंगी। सूरमा क्लब ने उन्हें बतौर मेंटर और हॉकी कोच चुना है। वह महिला टीम के साथ नजर आएंगी। 15 अक्टूबर को महिला टीम का ऑक्शन है जहां रानी भी नजर आएंगी।

सूत्रों की मानें तो हॉकी इंडिया लीग नीलामी के बाद होने वाले भारत बनाम जर्मनी टेस्ट सीरीज के दौरान रानी रामपाल ने अपने संन्यास का ऐलान करने का मन बनाया है। इस मौके पर हॉकी इंडिया ने उन्हें सम्मानित करने की भी योजना बनाई है।

**शूटिंग वर्ल्डकप:**

# बिना वीजा के दिल्ली पहुंची ओलंपिक स्वर्ण विजेता शूटर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** विश्व कप फाइनल के लिए खेलने आ रही ओलंपिक और पूर्व विश्व चैंपियन स्पेन की शूटर फातिमा गालवेज बिना वीजा के भारत पहुंच गईं। वह स्पेनिश टीम के साथ शनिवार की देर रात दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरीं।

टीम के अन्य दो सदस्यों के पास वीजा था, लेकिन ट्रैप शूटर फातिमा के बिना वीजा नहीं होने के कारण उन्हें इमिग्रेशन अधिकारियों ने रोक दिया। अधिकारियों को हैरानी इस बात की थी कि वीजा नहीं होने के बावजूद महिला शूटर को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस ने बिठा कैसे लिया। शूटर को वापस स्पेन भेजे जाने की तैयारी थी, लेकिन एनआरएआई के हस्तक्षेप के बाद उन्हें रविवार की सुबह टेंपरेरी लैंडिंग परमिट (टीएलपी) जारी किया गया। इसके बाद वह एयरपोर्ट से बाहर निकल पाईं। वह अब विश्वकप फाइनल में खेल पाएंगी।

कोच द्रादी और साथी शूटर के पास था वीजा

सूत्र बताते हैं कि इस नाटकीय घटनाक्रम ने एयरपोर्ट और एनआरएआई अधिकारियों की नींद उड़ा दी। फातिमा ने ई वीजा के लिए आवेदन किया था, लेकिन इसे कुछ दस्तावेजों के आभाव में खारिज कर दिया गया था। फातिमा के साथ भारत के पूर्व शूटिंग कोच और वर्तमान में स्पेन के कोच मार्सेलो द्रादी और पुरुष ट्रैप शूटर अल्बर्टो फर्नांडीज थे। इन दोनों का वीजा था। फातिमा के साथ ये दोनों भी सुबह तक एयरपोर्ट पर फंसे रहे। एनआरएआई के जरिए फॉरेन रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (एफआरआरओ) के पास मामला पहुंचा।

उन्हें बताया गया कि फातिमा नामी शूटर हैं। वह विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण समेत तीन रजत दो कांस्य जीत चुकी हैं और पहले भी भारत आ चुकी है। इसके बाद एफआरआरओ ने उन्हें टीएलपी जारी किया। एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह ने घटना की पुष्टि करते करते हुए कहा, फातिमा होटल आ चुकी हैं और टूर्नामेंट में खेलेंगी

### भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में चौथे नंबर पर लौटेंगे स्टीव स्मिथ



**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सोमवार को इसकी पुष्टि की।

सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के इस साल संन्यास लेने के बाद से स्मिथ पारी का आगाज कर रहे हैं। उन्होंने नई भूमिका में दूसरे ही टेस्ट में नाबाद 91 रन बनाए लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। उन्होंने चार पारियों में कुल 51 रन ही बनाए। बेली ने कहा, 'पैट कमिंस, एंड्रयू मैकडोनाल्ड और स्टीव स्मिथ से लगातार बात हो रही है। स्टीव ने पारी की शुरूआत की बजाय नीचे उतरने की इच्छा जताई है।

**शूटिंग वर्ल्डकप:**

# विश्व कप फाइनल्स में नहीं खेलेंगे भारत के ओलंपिक पदक विजेता शूटर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में तीन पदक जीतने के बाद 23 भारतीय निशानेबाज सोमवार से कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में शुरू होने जा रहे विश्वकप फाइनल्स में



निशाना साधने जा रहे हैं। हालांकि ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, स्वप्निल कुसाले और सरबजोत सिंह फाइनल्स में नहीं खेलेंगे, लेकिन पेरिस में खेलने वाले नौ भारतीय निशानेबाज देश के लिए दावेदारी पेश करेंगे। इनमें रिद्म सांगवान (10 मीटर एयरपिस्टल, 25 मी. पिस्टल), 10 मी. एयरराइफल में चौथे स्थान पर रहने वाले अर्जुन बबूटा, अर्जुन चीमा (10 मी. एयरपिस्टल), अनीश, विजयवीर सिद्धू (25 मी. पिस्टल), अनंतजीत सिंह नरूका, महेश्वरी चौहान (स्कीट), राजेश्वरी कुमारी, श्रेयसी सिंह (ट्रैप) शामिल हैं।

**1.65 करोड़ की इनामी राशि**

टूर्नामेंट में 37 देशों के 131 शूटर भाग ले रहे हैं। इनमें ओलंपिक पदक विजेता तुर्किये के युसुफ डिकेच, हंगरी की मेजर वेरोनिका, स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन जैसे शूटर शामिल हैं। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव के अनुसार टूर्नामेंट में 1.65 करोड़ रुपये की इनामी राशि रखी गई है। स्वर्ण पदक विजेता को 5000 यूरो (लगभग 4.60 लाख रुपये) मिलेंगे। वर्ष के अंतिम टूर्नामेंट फाइनल्स में ओलंपिक पदक विजेता समेत विश्वकप में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शूटर शिरकत करते हैं, लेकिन भारत को मेजबान होने के नाते प्रत्येक इवेंट में दो वाइल्ड कार्ड मिले हैं।

# डेनमार्क ओपन में खोया फॉर्म हासिल करने उतरेंगे सिंधू-लक्ष्य, मालविका-आकर्षि पर भी रहेंगी नजरें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लक्ष्य का सामना पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू से होगा जिनसे उनकी पहली ही टक्कर है। दूसरे दौर में वह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से टकरा सकते हैं। विश्व चैम्पियन थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से क्वार्टर फाइनल में टक्कर हो सकती है।




भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू हो रहे 850000 डॉलर ईनामी राशि के डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के जरिये फॉर्म में वापसी की कोशिश करेंगे। दोनों खिलाड़ियों का पिछले सप्ताह फिनलैंड के वांता में हुए आर्कटिक ओपन में प्रदर्शन औसत रहा। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू पहले ही दौर में बाहर हो गई, जबकि 2021 विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता सेन दूसरे दौर में हार गए। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे सेन को चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन ने हराया था। अब यहां उनका सामना पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू से होगा जिनसे उनकी पहली ही टक्कर है। दूसरे दौर में वह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से टकरा सकते हैं। विश्व चैम्पियन थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से क्वार्टर फाइनल में टक्कर हो सकती है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा जो पहले दौर में कनाडा की मिशेले ली से हार गई थी।

नए कोच अनूप श्रीधर और कोरिया के ली ह्यून इल के मार्गदर्शन में वह पहले दौर में चीनी ताइपै की पेइ यू पो से खेलेंगी । दूसरे दौर में उनका चीन की हान युइ से सामना हो सकता है। महिला वर्ग में फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़, आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा भी उतरेंगी।

चीन ओपन के क्वार्टर फाइनल तक पहुंची बंसोड का सामना पहले दौर में वियतनाम की एंगुयेन टी लिन्ह से होगा जबकि कश्यप की टक्कर थाईलैंड की सुपनिदा केटथोंग से होगी। ओडिशा ओपन 2022 विजेता हुड्डा का सामना अमेरिका की लौरेन लाम से होगा।

पुरूष युगल में भारत की कोई टीम नहीं है जबकि महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद खेलेंगी । दोनों का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त मलेशिया की पीयर्ली तान और टी मुरलीधरन से होगा । स्वेतापर्णा और रितुपर्णा पांडा का सामना चीनी ताइपै की चांग चिंग हुइ और यांग चिंग तुंग से होगा।

मुद्रक- स्वामी- प्रकाशक, सुनील कुमार मिश्रा, द्वारा शुभ - लाभ प्रिंटर्स , मावली उदयपुर, राजस्थान, 313203 / प्रधान संपादकः उमेश कुमार, मो.नं. +91 96259 58256 / संपादक : अनिल कुमार मिश्र, मो.नं. +91 98 5231 5231 / विधि सलाहकार : अरविंद कुमार भारद्वाज "अधिवक्ता" इलाहाबाद उच्च न्यायालय, उत्तरप्रदेश , मो.नं. +91 96953 96700 / प्रधान कार्यालय : HNo- 616 / 156 /1, सेमरा गौढ़ी, सीतापुर रोड मड़ियांव, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226013, मो. नं. +91 96259 58256 / बिहार - झारखंड, प्रदेश कार्यालय : (नजदीक जिला केन्द्रीय पुस्तकालय) पुरानी जीटीरोड़ , औरंगाबाद (बिहार), 824101, मो.नं. +9198 5231 5231 / दैनिक शुभ भास्कर RNI UPHIND 2015 /64737. पी. आर. बी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु ज़िम्मेदार, सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।